卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 241 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦8 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## लिव इन पार्टनर की हत्या कर शव के टुकड़ों को प्रेशर कुकर में उबाला



मुंबई। यहां श्रद्धा वॉल्कर जैसी दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। एक लिव इन पार्टनर ने महिला की हत्या कर दी। आरोपी ने कटर से लाश के कई टुकड़े किए और उन्हें प्रेशर कुकर में उबाला। दुर्गंध आने पर पुलिस फ्लैट पर पहुंची और आरोपी मनोज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से महिला के शव के कई टुकड़े बरामद किए है। पुलिस का कहना है कि वह सोसाइटी में अपने एक दोस्त के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला की गला रेत कर हत्या की गई है और बाद में उसके शव के कई टुकड़े किए गए। मृतका की पहचान 32 वर्षीय सरस्वती वैद्य के रूप में हुई है। वह अपने 56 वर्षीय दोस्त मनोज साहनी के साथ आकाशगंगा सोसाइटी में किराए के एक फ्लैट में पिछले तीन साल से रह रही थी। फ्लैट से दुर्गंध आने पर आस-पास के लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और सोसाइटी की सातवीं मंजिल से महिला के शव के टुकड़े बरामद किये। पुलिस अधिकारी ने कहा कि महिला की हत्या करने के बाद उसके शव को कई टुकड़ों में काटा गया। बदबू ना फैले, इसलिए

## हाथी ने बाइक सवार पर किया हमला



लालकुआं(उद संवाददाता)। बिंदुखत्ता के संजय नगर क्षेत्र में बीती रात हाथी ने ग्रामीण पर हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना से ग्रामीणों में हड़कम्प मचा है। रात्रि बिंदुखत्ता के संजय नगर 2 निवासी केदार पाठक अपनी मोटरसाइकिल से रोजाना की भांति लालकुआं पेपर मिल में ड्यूटी कर लगभग 10:15 बजे अपने घर को वापस लौट रहे थे कि अचानक भुवन की दुकान से थोड़ा आगे संजय नगर प्रथम में अचानक उनके सामने जंगली हाथी आ गया। जब तक वह कुछ समझ पाते हाथी ने उन पर हमला कर दिया, उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए हल्द्वानी के निजी अस्पताल में ले जाया गया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं वन क्षेत्राधिकारी गौला रेंज चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि बिंदुखत्ता निवासी ग्रामीण पर हाथी के हमले की सूचना उन्हें मिली है, सूचना मिलते ही उन्होंने तुरंत मौके पर अपनी टीम को भेज दिया है और उन्होंने बताया की वह घायल का हाल जानने के लिए स्वयं हल्द्वानी गये। पीड़ित के पांव एवं पीठ में गंभीर चोट है, उन्होंने बताया क्षेत्र में वन विभाग की गश्त बढ़ा दी गई है तथा ग्रामीणों से सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## ननिहाल आए युवक की हादसे में दर्दनाक मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर हल्द्वानी मार्ग पर ग्राम गैबुआ के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद मृतक के परिजनों



में कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि 18 वर्षीय हर्षित जोशी निवासी अफजलगढ़ जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश बुधवार को रामनगर स्थित ग्राम गैबुआ में अपनी ननिहाल आया था। शाम को वह अपनी मामी ममता के साथ स्कूटी से जा रहा था स्कूटी उसकी मामी चला रही थी। वह पीछे बैठा हुआ था बताया जाता है कि इसी बीच एक डम्पर ने स्कूटी को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद हर्षित सड़क पर जा गिरा और डंपर का एक टायर उसके उपर से निकल गया। गंभीर हालत में हर्षित को उपचार के लिए रामनगर सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवा व्यापारी रोहित की बैड से गिरकर मौत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के युवा व्यापारी रोहित पसरीचा रिंकू की बृहस्पतिवार सुबह घर में बैड से गिरकर अचानक मौत हो गयी। इससे परिवार में कोहराम मच गया वहीं शहर पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गयी। मृतक अपने परिवार का इकलौता चिराग था। सिंह कालोनी निवासी 40 वर्षीय रोहित पसरीचा रिंकु पुत्र हरीश पसरीचा सब्जी मण्डी में पसरीचा क्लाथ हाउस के नाम से दुकान चलाते थे। बताया गया है कि रोजाना की तरह रोहित ने आज सुबह योगा किया उसके बाद पिता हरीश पसरीचा के साथ चाय पी। चाय पीने के बाद पिता हरीश पसरीचा अपने दैनिक कामकाज



में लग गये। जबकि रोहित घर पर ही बैड पर आराम करने लगे। इसी बीच अचानक रोहित बैड से नीचे गिरे उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बैड से गिरने से रोहित के सिर पर चोट आयी है। रोहित की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। रोहित इकलौते पुत्र थे। उनकी एक बहन है जिसकी नौएडा में शादी हो चुकी है। रोहित की पांच साल की दो जुड़वा बेटियां है। रोहित की मौत के बाद घर में मातम छाया हुआ है। पत्नी बेसुध है जबकि माता पिता भी बदहवास है। रोहित की आकस्मिक मौत की खबर से शहर में भी शोक की लहर दौड़ गयी। अच्छे खासे युवक की अचानक मौत की खबर जिसने भी सुनी वह स्तब्ध रह गया। बताया जाता है कि फिटनेस को लेकर रोहित खासे संजीदा (शेष पृष्ठ सात पर)

## पेड़ो के अवैध कटान पर फॉरेस्ट गार्ड सहित दो वन कर्मी निलंबित

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर के तराई पश्चिमी वन प्रभाग के ज्वाला वन क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध रूप से पेड़ काटने का मामला सामने आया था। जिसमे वन क्षेत्र में अवैध रूप से हरे सागौन और यूकेलिप्टस के पेड़ों के कटान का मामला तराई पश्चिमी के डीएफओ के संज्ञान में आया था,जिसके बाद डीएफओ प्रकाश चंद आर्य ने तुरंत मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए थे। डीएफओ प्रकाश आर्य ने बताया कि कि हमारे तराई पश्चिमी के ज्वालावन क्षेत्र में वन निगम (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर में नाबालिग बच्चों पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। परिजनों की गैर मौजूदगी में घर बैठे चार नाबालिग बच्चों पर पड़ोसियों ने पुरानी रंजिश के चलते धारदार हथियारों व डंडों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में परमजीत कौर पत्नी महोब्बत सिह निवासी वार्ड 16 बगवाडा ने कहा है कि 6 जून को शाम वह अपने काम से घर लौटी तो देखा कि उसके पडोस मे रहने वाला महेश, उसका साला शिव, शीतल की (शेष पृष्ठ सात पर)

## कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म

**बाजपुर के युवक ने काशीपुर निवासी युवती के घर में घुसकर लूटी अस्मत,बनाया अश्लील वीडियो**

काशीपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर के एक युवक ने आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक युवती को धोखे से कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करते हुए अश्लील वीडियो बनाई है। पीड़िता का आरोप है कि वीडियो के सहारे उसे आरोपी द्वारा ब्लैकमेल किया जा रहा है। लोक लाज के डर से अब तक वह मुंह नहीं खोल सकी थी लेकिन अब जबकि पानी सिर के ऊपर से निकलने लगा पीड़िता ने जिले के एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। घटना के बारे में आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि तहसील बाजपुर के ग्राम गुमसानी निवासी एक युवक से पूर्व परिचित थी। इस (शेष पृष्ठ सात पर)

### पुलिस ने पीड़िता को बैरंग लौटाया

काशीपुर। दुष्कर्म की शिकार पीड़िता ने बताया कि वह न्याय की गुहार लगाने आईटीआई थाना गई थी लेकिन थानाध्यक्ष ने उसकी शिकायत को दरकिनार करते हुए उसे बैरंग वापस कर दिया। पीड़िता ने यह भी बताया कि बाजपुर कोतवाली में भी उसकी सुनवाई नहीं हुई। न्याय पाने के लिए पीड़िता ने सीएम पोर्टल के अलावा पुलिस के उच्चाधिकारियों को भी शिकायती पत्र प्रेषित कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। पीड़िता ने स्पष्ट कहा है कि न्याय पाने के लिए उसे आगे और भी संघर्ष करना पड़ेगा तो वह पीछे नहीं हटेगी।

## ट्रांसफार्मर में आग से हड़कम्प



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांसफार्मर में आग लगने से बाजार में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग को काबू किया। जानकारी के अनुसार गल्ला मण्डी स्थित एक ट्रांसफार्मर में दोपहर को अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते आग पूरे ट्रांसफार्मर से आग की तेज लपटें उठने लगी। जिससे आस पास के व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग को काबू किया। जिससे बड़ी घटना टल गयी।


# कांग्रेस पार्टी में भीतरखाने 'नफरत की दुकान'


**निर्वाचित जनप्रतिनिधियों व संगठन पदाधिकारियों मे गहरे मतभेद, कमजोर पड़ता संघर्ष का जज्बा, विरोध प्रदर्शन केवल रस्म अदायगी**

■ अर्श

रूद्रपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछले काफी समय से पिछले से न सिर्फ समूचे भारत बल्कि विदेशों में भी यह एक जुमला बार-बार दोहराते रहे हैं कि 'मैं नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने निकला हूं', पर ऐसा लगता है कि राहुल गांधी के इस जुमले का कोई अनुकूल असर उत्तराखंड राज्य की कांग्रेस इकाई ,खासकर उधम सिंह नगर जिला कांग्रेस कमेटी के नेताओं-कार्यकर्ताओं पर अब तक नहीं पड़ सका है और वे पार्टी के भीतर मोहब्बत और मेलजोल बढ़ाने के बजाय गुटबाजी की नफरत फैलाने मे लगे हुए हैं।कदाचित यही कारण है कि उत्तराखंड कांग्रेस में प्रदेश से लेकर वार्ड स्तर तक आपसी गुटबाजी नफरत की हद तक पैर पसार चुकी है। वैसे देखा जाए तो गुटबाजी कांग्रेस के लिए कोई नई बात नहीं है। इंदिरा गांधी के दौर से लेकर आज के मलिकार्जुन खरगे के जमाने तक ,कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी किसी न किसी रूप में अवश्य ही मौजूद रही है। फर्क इतना है कि पहले यह धड़ेबाजी भीतर खाने ढकी छुपी रहती थी और








आज कल कांग्रेसी नेताओं की आपसी गुटबाजी पूरी तरह सतह पर आ चुकी है और नफरत की हद को छूती दिख पड़ती है। कांग्रेसी नेताओं- कार्यकर्ताओं की यह खेमेबाजी समूचे उत्तराखंड में कांग्रेस के प्रायः हर छोटे-बड़े कार्यक्रम में खुलकर नुमाया हो रही है। कांग्रेस संगठन और पार्टी के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के बीच गहरे मतभेद हैं और दोनों ही अपने- अपने भोंपू अपने ही सुरताल में बजा रहे हैं। हालात यह हैं कि कांग्रेस पार्टी के भीतर, गुट में ही कई गुट देखने को मिल रहे हैं। नतीजतन कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों के मध्य किसी भी प्रकार का कोई भी तालमेल दूर-दूर तक नहीं नजर आ रहा है। इसका सीधा असर कांग्रेस पार्टी की संघर्ष क्षमता पर पड़ रहा है और उसके सारे अस्त्र-शस्त्र भोथरे से पड़ गए जान पड़ते हैं। ऐसे में किसी राजनीतिक दल से जनहित के किसी अहम मसले पर किसी निर्णायक संघर्ष की अपेक्षा नहीं की जा सकती। वैसे भी कांग्रेस विपक्ष में रहने के दौरान कठिन जमीनी लड़ाई लड़ने में कम ही विश्वास रखती है। अमूमन होता ऐसा है कि किसी भी चुनाव से बमुश्किल दो-तीन माह पहले कांग्रेसी नेताओं की जड़ता टूटती है और वह कुछ तात्कालिक मुद्दों को पकड़कर, हायतौबा मचाते हुए चुनाव लड़ लेती है और हारने के उपरांत दोबारा गहरी जड़ता की अवस्था को प्राप्त हो जाती है। उसके बाद जन सामान्य की दुश्वारियों और जद्दोजहद से उसका कोई वास्ता (शेष पृष्ठ सात पर)

# नैनीताल हाईकोर्ट ने पर्यटन सीजन में ट्रैफिक जाम की समस्या का लिया स्वत: संज्ञान

## यातायात पुलिस का ट्रैफिक मैनेजमेंट नाकाम,हेली सेवा शुरू करें

नैनीताल(उद संवाददाता)। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने नैनीताल में पर्यटन सीजन के दौरान हो रहे ट्रैफिक जाम की समस्या पर सुनवाई करते हुए तल्ख टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा अगर इस समस्या को जल्द नहीं सुलझाया गया तो नैनीताल के हालात भी जोशीमठ



की तरह हो सकते है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ इस मामले पर सुनवाई करेगी। कोर्ट ने कहा कि प्रसाशन ने ट्रैफिक मैनेजमेंट को नजरअंदाज कर रखा है। जिसकी वजह से अव्यवस्था पैदा हो रही है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोर्ट ने यह भी कहा कि नैनीताल में पार्किंग की जगह कम है, इसलिए हेली सेवा शुरू करें व तल्लीताल से मल्लीताल के लिए इलेक्ट्रिक फेरी या केबिल कार की व्यवस्था हो ,शटल सेवा बढ़ाई जाय। कोर्ट ने नगर पालिका से पूछा है कि माल रोड में कितने ई रिक्शा चल रहे है। अधिवक्ता प्रभा नैथानी ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर शहर में हो रहे ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर शिकायत की थी। मुख्य न्यायाधीश ने इस पत्र का स्वत: संज्ञान लेकर मामले को बुधवार को जनहित याचिका के रूप में सूचीबद्ध करते हुए सुनवाई की। पत्र में कहा गया कि नैनीताल में खासकर सीजन के दौरान ट्रैफिक जाम की बहुत बड़ी समस्या है। दाखिल की गई याचिका में जाम की समस्या पर जोर दिया गया। इसमें कहा गया कि सीजन के दौरान हजारों पर्यटक अपने वाहनों और टैक्सी से यहां आते हैं, जो जाम का मुख्य कारण हैं। उच्च न्यायालय की तरफ से समय समय पर जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन को ट्रैफिक सुधारने के लिए निर्देश जारी हुए हैं, परंतु समस्या का हल आज तक नहीं निकला। यातायात पुलिस ट्रैफिक को आसानी से चलाने में नाकाम साबित हुई है । जिससे स्कूली बच्चों, कार्यालय कर्मचारियों और अधिवक्ताओं को समय पर पहुंचने में काफी दिक्कत हो रही है। इसके साथ ही साथ पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने के कारण होटल व्यवसायी भी पर्यटकों की गाड़ियों को सड़क पर ही पार्क करवा रहे है। एम्बुलेंस कई बार एम्ब्युलेंस समेत मरीजों भी ट्रैफिक जाम का शिकार हुई हैं। कालाढूंगी, भवाली और हल्द्वानी से आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग नही हो रही है। जिससे जाम के हालात पैदा होते हैं और पुलिस खुद मूकदर्शक बनी रहती है। याचिका में अपील की गई है कि इंडिया होटल के पास जू शटल सेवा लगी रहती है जिसकी वजह से और जाम लग जाता है। उसे भी आगे शिफ्ट किया जाए।

# समर कैंप के समापन पर बच्चों को किया पुरस्कृत

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरद्वारा श्री गुरु सिंह सभा केलाखेड़ा में 11 दिवसीय गुरमत सिखलाई कैंप का बच्चों द्वारा अपनी धार्मिक कला के प्रदर्शन के साथ समापन किया गया । इस दौरान प्रतिभागी बच्चों को उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत भी किया गया। धर्म प्रचार कमेटी श्री अमृतसर के



उत्तराखंड सिख मिशन के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति 11 दिवसीय गुरमत ज्ञान सिखलाई समर कैंप में 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया।इस दौरान अमरजीत कौर,रमनदीप कौर, सहजप्रीत कौर, गुरप्रीत कौर, हरप्रीत कौर,हरजिंदर सिंह द्वारा बच्चों को गुरुमुखी अक्षर ज्ञान, इतिहास, साखी, शब्द विचार ,कविता पाठ एवं गुरबाणी कीर्तन की शिक्षा प्रदान की । साथ ही सिख मिशनरी कालेज लुधियाना के गदरपुर इकाई के इंचार्ज देवेंद्र सिंह द्वारा गुर इतिहास के अलावा योग एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देते हुए बच्चों को प्रशिक्षित किया । इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादार परमजीत सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करने हेतु उन्हें पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि बच्चों द्वारा पूरी तल्लीनता के साथ कैंप में सहभागिता की गई उन्होंने कहा हर वर्ष इसी तरह से कैंपों का आयोजन करके बच्चों का उत्साहवर्धन किया जाना जरूरी है । कैंप में आयोजित लिखित परीक्षा में हरमनप्रीत सिंह,आस्था, मनप्रीत, अगमजोत सिंह ,तेगप्रीत सिंह, इश्मीत कौर ,एकस वीर सिंह ने विशेष स्थान प्राप्त किया उत्तराखंड सिख मिशन के भाई हरजिंदर सिंह द्वारा बच्चों को मैडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कैंप समापन और सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई । उन्होंने कहा छुट्टियों के दौरान विभिन्न ग्रामों शहरों में उत्तराखंड सिख मिशन के सौजन्य से तथा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटीयों के सहयोग से गुरमत सिखलाई कैंप लगाया जाना जारी है, ताकि बच्चों को सिख धर्म के उपदेशो, इतिहास और गुरबाणी और की जानकारी हो सके। इस मौके पर हरबंस कौर, हरप्रीत कौर,अमरजीत कौर, गगनदीप कौर, पवनदीप कौर, राजरानी, प्रीति कौर,अमृत कौर, रमनदीप कौर,गुरजीत कौर, ग्रंथी रंजीत सिंह,नरेश सिंह,अजीत सिंह,सुखविंदर सिंह, देवेंद्र सिंह,दलजीत सिंह,सरदूल सिंह, देवेंद्र पाल सिंह,सुरेंद्र सिंह, गगनदीप सिंह, बलवीर सिंह सहित भारी संख्या में संगत शामिल रहे ।

# आठ नगर निगमों और चार निकायों से कूड़े के बड़े ढेर हटाने के लिए 75.63 करोड़ जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश के आठ नगर निगमों और चार निकायों से कूड़े के पहाड़ (लीगेसी वेस्ट) हटाने को केंद्र से 75 करोड़ 63 लाख का बजट जारी हुआ है। शहरी विकास विभाग ने दो अन्य निकायों के लीगेसी वेस्ट हटाने को केंद्र को 2.66 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा है। दूसरी ओर, आरडीएफ वेस्ट के निपटारे के लिए शहरी विकास विभाग वेस्ट टू एनर्जी पॉलिसी में बदलाव करने जा रहा है। अमर उजाला ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सिलसिलेवार कूड़े के पहाड़ों का मुद्दा उठाया था। नगर निगम ऋषिकेश, देहरादून, हल्द्वानी, हरिद्वार, रुड़की, काशीपुर, रुद्रपुर, कोटद्वार के क्षेत्रों में कूड़े के बड़े ढेर लगे हुए हैं। इनमें गाहे-बगाहे आग लगने के बाद जहरीला धुआं उठता है। हल्द्वानी, दून सहित कई शहरों में इसको लेकर विरोध आंदोलन हुए। शहरी विकास विभाग ने इस कचरे को हटाने के लिए कवायद शुरू की। कुल 14 निकायों की डीपीआर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनाकर केंद्र को भेजी गई थी। इनमें से 12 की डीपीआर मंजूर होने के बाद 75.63 करोड़ का बजट जारी हो चुका है। इस बजट से तेजी से लीगेसी वेस्ट का निस्तारण किया जा रहा है।इन निकायों के लिए जारी हुए 72.08 करोड़,नगर निगम ऋषिकेश, देहरादून, हल्द्वानी, हरिद्वार, रुड़की, काशीपुर, रुद्रपुर, कोटद्वार।इन निकायों के लिए जारी हुए 3.55 करोड़,नगर निगम श्रीनगर, नगर पालिका बाजपुर, नगर पालिका अल्मोड़ा, नगर पालिका सितारगंज। नगर निगम रुद्रपुर (बचा हुआ 35 मीट्रिक टन लीगेसी वेस्ट) व नगर पालिका उत्तरकाशी के निकायों के लिए 2.66 करोड़ का प्रस्ताव भेजा, वर्षों से बने हुए कूड़े के पहाड़ में से बायो सॉइल और आरडीएफ वेस्ट को अलग-अलग किया जाता है। रिफ्यूज डेराइव्ड फ्यूल (आरडीएफ) वेस्ट को सोनीपत स्थित पांच मेगावाट के वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में भेजा जाएगा। जहां इस आरडीएफ से बिजली बनेगी। चूंकि बायो वेस्ट पहले से ही जमीन में मिल चुका है। लिहाजा, इस बायो सॉइल का इस्तेमाल लैंडफीलिंग के काम में लाया जाएगा।

# दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, दस के खिलाफ मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला समेत दोनों पक्षों के 10 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस को तहरीर देकर प्रथम पक्ष के स्कॉट फार्म बहल्ला कॉलोनी कुंडेश्वरी निवासी खिलेंद्र सिंह पुत्र धनीराम ने बताया कि बीते 30 मई को उसकी बछिया व कटिया खाली प्लाट में घास चुग रही थी इस दौरान उपरोक्त मोहल्ला निवासी मेवालाल नामक व्यक्ति ने जानवरों को खोलकर अन्यत्र छोड़ दिया। शिकायतकर्ता की पत्नी ममता ने जब इस बारे में मेवालाल से पूछताछ करने का प्रयास किया तो वह आग बबूला हो उठा। वह ममता के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। शोर-शराबा सुनकर शिकायतकर्ता जब मौके पर पहुंचा दो आरोपी मेवालाल उसकी पत्नी के साथ बदसलूकी करते हुए उसे बुरी तरह मार रहा था। शिकायतकर्ता ने जब बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपी मेवालाल में उसके साथ भी मारपीट करते हुए मुंह खोलने के एवज में जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मेवालाल उसके पुत्र तथा टिंकू नामक एक अन्य के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। इसी तरह दूसरी पक्ष की रंभा देवी पत्नी मेवालाल में पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी खिलेंद्र अक्सर उसके खेतों में जानवर छोड़ देता है जिससे उसका लगातार नुकसान हो रहा है। हालिया घटनाक्रम का जिक्र करते हुए उसने बताया कि बीते 30 मई की शाम लगभग 7 बजे खिलेंद्र ने एक बार फिर से उसके खेत पर कटिया छोड़ दी। मना करने पर खिलेंद्र सिंह टिंकू मुकेश नरेश विजय हरविंदर सिंह व ममता अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ झगड़ा फसाद पर आमादा हो गए। मारपीट के दौरान धारदार हथियार से उसके पति को लहूलुहान करते हुए पुत्र तथा पुत्री के साथ भी बुरी तरह आरोपियों ने मारपीट की। आरोप है कि घटना को अंजाम देते हुए उसके पति मेवालाल की जेब से कीमती मोबाइल तथा 20 हजार रुपयों की नकदी निकाल ली। और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उपरोक्त सभी सातों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इस तरह दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने कुल 10 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी।

# गैंगस्टर जगरूप की करोड़ों की संपत्ति जब्त

काशीपुर (उद संवाददाता)। डीएम के निर्देश पर पुलिस फोर्स के साथ जिला प्रशासन की टीम ने गैंगस्टर जगरूप सिंह की करोड़ों की संपत्ति जब्त कर ली।इस दौरान पुलिस फोर्स किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैनात था। पुलिस के मुताबिक काशीपुर के कुंडा थाना क्षेत्र के पन्नू फार्म निवासी गैंगस्टर जगरूप सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज थे। गैंगस्टर जगरूप सिंह के द्वारा अवैध कमाई से अर्जित की गई संपत्ति के जब्तीकरण के लिए जिलाधिकारी उधम सिंह नगर को रिपोर्ट भेजी गई थी। रिपोर्ट के बाद जिलाधिकारी के निर्देशों पर संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की गई है। 2 करोड़ से अधिक की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई पुलिस टीम




और प्रशासन की टीम द्वारा की गई। एसएसपी ने बताया कि किसी भी तरह से उधम सिंह नगर जनपद में अपराधियों को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। उनके खिलाफ जो भी निरोधात्मक कार्रवाई होगी, वह अमल में लाई जाएगी। कानूनी कार्रवाई से अपराधियों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ी जाएगी।

# उत्तराखंड अग्निशमन विभाग ने बचाई 2626 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति

## 37254 अग्नि काण्डो में हुआ 545 करोड़ से अधिक का नुकसान

काशीपुर (उद संवाददाता)। वर्ष 2001 से 2022 तक 22 वर्षों में उत्तराखंड में 37254 अग्नि काण्डो में 545 करोड़ 61 लाख 34 हजार 381 रू. की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है वहीं इन अग्निकाण्डो में 2626 करोड़ 68 लाख 89 हजार 633 रू. की सम्पत्ति को बचाया गया है। 2016 से 2022 तक 33 अग्निकाण्डों की घटनायें असत्य भी पायी गयी है। यह खुलासा उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा सूचना अधिकार के अन्तर्गत नदीम उद्दीन (एडवोकेट) को उपलब्ध करायी सूचना से हुआ।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय से उत्तराखंड में फायर की घटनाओं व उससे हुये अनुमानित नुकसान की वर्षवार सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/उपनिदेशक (तकनीकी) अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तराखंड ने अपने पत्रांक 02/2022 के साथ 2001 से 2022 तक घटित अग्निकाण्डों का विवरण उपलब्ध कराया है।श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2001 से 2022 तक उत्तराखंड में कुल 37287 आग की घटनायें हुयी है जिसमें 2016 से 2022 तक 33 घटनायें असत्य पायी गयी तथा कुल आग की घटनायें 37254 हुई है। इसमें अनुमानित जोखिम सम्पत्ति रू. 545 करोड़ 61 लाख 34 हजार 381 रू. की थी जबकि 2626 करोड़ 68 लाख 89 हजार 633 रू. की सम्पत्ति बचाई गयी। श्री नदीम को उपलब्ध वर्षवार आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2001 में 630 आग की घटनाओं में 4 करोड़ 12 लाख 18 हजार 334 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 20 करोड़ 7 लाख 60 हजार 665 की सम्पत्ति को बचाया गया जबकि 2002 में 620 घटनाओं में 2 करोड़ 31 लाख 65 हजार 150 की सम्पत्ति का नुकसान तथा 13 करोड़ 45 लाख 43 हजार 950 की सम्पत्ति को बचाया गया। 2003 में 694 घटनाओं में 2 करोड़ 53 लाख 91 हजार 950 की सम्पत्ति का नुकसान जबकि 55 करोड़ 73 लाख 98 हजार 300 की सम्पत्ति को बचाया गया। 2004 में 823 घटनाओं में 4 करोड़ 79 लाख 14 हजार 460 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 18 करोड़ 66 लाख 77 हजार 940 की सम्पत्ति को बचाया गया। 2005 में 301 घटनाओं में 12 करोड़ 87 लाख 91 हजार 20 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 57 करोड़ 21 लाख 40 हजार 92 की सम्पत्ति का बचाया गया। 2006 में 1008 घटनाओं में 17 करोड़ 92 लाख 75 हजार 181 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 62 करोड़ 27 लाख 75 हजार 19 की सम्पत्ति को बचाया गया। 2007 में 1318 घटनाओं में 11 करोड़ 22 लाख 98 हजार 650 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 89 करोड़ 41 लाख 94 हजार 50 की सम्पत्ति को बचाया गया। 2008 में 1492 घटनाओं में 12 करोड़ 66 लाख 96 हजार 755 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 63 करोड़ 86 लाख 21 हजार 795 की सम्पत्ति बचायी गयी। 2009 में 2244 घटनाओं में 39 करोड़ 76 लाख 33 हजार 628 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 127 करोड़ 22 लाख 98 हजार 136 की सम्पत्ति बचायी गयी। 2010 में 2135 घटनाओं में 36 करोड़ 53 लाख 23 हजार 942 की सम्पत्ति का नुकसान जबकि 122 करोड़ 4 लाख 34 हजार 766 की सम्पत्ति को बचाया गया। 2011 में 1580 घटनाओं में 33 करोड़ 73 लाख 15 हजार 419 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 183 करोड़ 52 लाख 70 हजार 334 की सम्पत्ति बचायी गयी। 2012 में 3314 घटनाओं में 53 करोड़ 5 लाख 15 हजार 745 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 214 करोड़ 74 लाख 83 हजार 647 की सम्पत्ति बचायी गयी। 2013 में 1701 घटनाओं में 46 करोड़ 54 लाख 44 हजार 117 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 200 करोड़ 19 लाख 16 हजार 174 की सम्पत्ति का बचाया गया। 2014 में 1821 घटनाओं में 49 करोड़ 9 लाख 20 हजार 881 सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 177 करोड़ 47 लाख 76 हजार 695 की सम्पत्ति का बचाया गया। 2015 में 1922 घटनाओं में 39 करोड़ 10 लाख 46 हजार 611 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 214 करोड़ 74 लाख 83 हजार 647 की सम्पत्ति का बचाया गया। 2016 में 2876 घटनाओं में 57 करोड़ 3 लाख 69 हजार 73 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 55 करोड़ 3 लाख 60 हजार 842 की सम्पत्ति को बचाया गया। 2017 में 2004 घटनाओं में 25 करोड़ 42 लाख 70 हजार 273 की सम्पत्ति का नुकसान जबकि 136 करोड़ 95 लाख 4 हजार 762 की सम्पत्ति को बचाया गया। 2018 में 2480 घटनाओं में 22 करोड़ 45 लाख 89 हजार 545 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 107 करोड़ 36 लाख 12 हजार 627 की सम्पत्ति को बचाया गया। 2019 में 2650 घटनाओं में 17 करोड़ 39 लाख 52 हजार 520 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 167 करोड़ 91 लाख 52 हजार 831 की सम्पत्ति को बचाया गया। 2020 में 1571 घटनाओं में 14 करोड़ 27 लाख 38 हजार 380 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 109 करोड़ 64 लाख 88 हजार 36 की सम्पत्ति को बचाया गया। 2021 में 2246 घटनाओं में 23 करोड़ 88 लाख 15 हजार 375 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 304 करोड़ 34 लाख 82 हजार 910 की सम्पत्ति को बचाया गया तथा 2022 में 1824 घटनाओं में 18 करोड़ 93 लाख 47 हजार 372 की सम्पत्ति का नुकसान हुआ जबकि 125 करोड़ 11 लाख 21 हजार 415 की सम्पत्ति को बचाया गया।

# गदरपुर में हुआ सूफी संवाद महा अभियान सम्मेलन

## पीएम मोदी के कार्यकाल में मुस्लिम समाज को मिला सम्मानः इंतजार हुसैन

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने जहां देश का चौमुखी विकास किया है। वहीं, अल्पसंख्यक समाज के विकास के लिए अनेक कार्य किए हैं। मुस्लिम समाज को किसी बहकावे में न आकर भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाहिए। जिससे देश प्रदेश के साथ अल्प संख्यक खासतौर से मुस्लिम समाज का विकास हो सके।मोहल्ला आजादनगर में हुए नौ वर्ष की सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत हुए सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का अभूतपूर्व विकास हुआ है। बगैर किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास संकल्प के साथ देश और उत्तराखंड प्रदेश तरक्की के पथ पर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक वर्ग के लोगों की चिंता करते हुए बड़ी संख्या में योजनाएं बनाई जिनका लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है पहले योजनाएं भ्रष्टाचार के लिए बनती थी वर्तमान में जो योजनाएं बनी है उनका पूरा का पूरा लाभ संबंधित व्यक्ति को मिला है। आयुष्मान योजना से गरीब से गरीब व्यक्ति अपने परिजनों का इलाज निशुल्क कराने में सक्षम हुआ पूर्व में गरीब व्यक्ति धन की कमी के कारण समुचित इलाज भी नहीं करा पाता था। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सूफी संवाद महाअभियान सम्मेलन के संयोजक और भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली ने कहा कि अब समय आ गया है कि मुस्लिम समाज को अनेक राजनीतिक दलों ने हाशिए पर रखा है। भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिस के कार्यकाल में सभी वर्गों को बराबर सम्मान मिला है।देश में माफिया राज समाप्त हुआ है।भ्रष्टाचारियों का काम तमाम हुआ है और हमारी सरकार भ्रष्टाचारियों के विरोध में है उन्होंने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचारियों के लिए कोई जगह नहीं है । बहुत बड़ी संख्या में एक्सप्रेसवे बनाए गए हैं। तीव्र गति की ट्रेनों का संचालन किया गया एवं गुणवत्तायुक्त ट्रेनों का निर्माण किया गया। प्रत्येक क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। सम्मेलन को अनेक भाजपा नेताओं ने भी संबोधित किया इस अवसर पर भाजपा नेता अंजार हुसैन ने कहा सूफी संवाद कार्यक्रम के जरिए मुस्लिम समाज तेजी से विकास के साथ जुड़ रहा है।इस अवसर पर सूफी अहमद हसन सकलैनी, प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा, इनायत अली, तेली समाज के अध्यक्ष नजीर सकलैनी, तेली सैफी समाज के अध्यक्ष अकील रासम सकलैनी, सलमानी वसीम जमील वसीम फहद असद, वसीम आबिद, अब्बासी असलम ,अफनान, बिलाल, बब्बू शाह, मकसूद मोहम्मद अली, नसरुद्दीन, खलील ,सानिब, आजम, लईक सैफी, आरिफ, शाकिर अंसारी, आरिफ, महानगर अध्यक्ष फारुख खान आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे ।




# मान्या वर्मा का विद्यालय परिवार ने किया स्वागत

पिथौरागढ़(उद संवाददाता) भारत की सर्वोच्च परीक्षा – भारतीय प्रशासनिक सेवा की परीक्षा में 258 वा रैंक पाने वाली पिथौरागढ़ जिले की होनहार बेटी मान्या वर्मा का एशियन स्कूल में भव्य स्वागत हुआ, मान्या ने विद्यालय में ही पठन पाठन किया था, पुरातन छात्रा के द्वारा यूपीएससी परीक्षा में सफलता के बाद विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत कार्यक्रम किया गया।बागेश्वर जिले के क्रीड़ा अधिकारी सीएल वर्मा की पुत्री मान्या द्वारा परीक्षा में सफलता पाने की विधियों की जानकारी छात्रों के साथ सांझा की गई।वही मान्या वर्मा ने अपने इस स्वागत के लिये सभी का आभार व्यक्त किया, उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यदि व्यक्ति जीवन में जिद व लक्ष्य ठान ले तो वह अपने जीवन में अवश्य सफलता हासिल कर सकता है, उन्होंने कहा कि एशियन स्कूल में पढ़ने वाला प्रत्येक छात्र सौभाग्यशाली है कि आज विद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रहा है। इस दौरान द एशियन ग्रुप ऑफ स्कूल के संस्थापक,प्रबंधक श्रीश्री 1008 स्वामी वीरेन्द्रानंद महाराज, प्रधानाचार्य,अध्यापकों सहित एकेडमी स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रही। वही बागेश्वर जिले के क्रीड़ा अधिकारी की बेटी की सफलता के बाद जिपं अध्यक्ष बसंती देव, कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया,जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने भी बेटी की सफलता पर बधाई दी है।



# चेयरमैन के खिलाफ सभासद हुए लामबंद, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र में निर्माण कार्यों के आधे अधूरे टेंडर प्रकाशित कराने पर नगर पालिका के सभासद, चेयरमैन के खिलाफ खड़े हो गए है। सभासदों का आरोप है कि अपूर्ण दस्तावेज वाले टेंडर प्रकाशित होने से नगर में निर्माण कार्यों को लेकर अविश्वास का माहौल पैदा हो रहा है। सभासद रवि रस्तोगी, प्रमोद रावत, सोनल गुप्ता, जहुर इस्लाम, सचिन गंगवार, नूर बेग बुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होने उपजिलाधिकारी को मांगपत्र सौंपकर आरोप लगाया कि त्रुटिपूर्ण प्रपत्रों के आधार पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये के टेंडर अखबारों में प्रकाशित करा दिए गए। टेंडरों में समस्त वार्डो में प्रस्तावित निर्माण कार्यों की सूची भी सार्वजनिक हुई है। जबकि लोनिवि ने प्रकाशित टेंडर तकनीकी प्रशिक्षण में फेल बताए है। लोनिवि के ईई ने गलत प्रपत्र भेजने के मामले में 12 बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज कर नगर पालिका को अवगत भी कराया था। जिसका संज्ञान नही लिया गया। बल्कि नगर पालिकाध्यक्ष ने त्रुटिपूर्ण टेंडर की सूचना बिना जांच परख के सार्वजनिक करा दी। सूचना प्रकाशन होने के बाद नगर में प्रस्तावित निर्माण कार्यों को लेकर सभासदों से आमजन सवाल करने में जुटा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहरवासियों को गुमराह करने के लिए गलत टेंडर निकाले गए है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना तकनीकी प्रशिक्षण के टेंडर प्रक्रिया निकालने से सरकारी पैसे की बर्बादी की गई है। सभासदों ने एसडीएम से मामले में समस्या का समाधान कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।



# नजूल और दानपात्र की भूमि पर विद्युत कनेक्शन नहीं देने के मामले को लेकर सीडीओ से मिले विधायक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। दानपत्र और नजूल भूमि पर लंबे समय से निवासरत परिवारों को विद्युत विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन नही दिये जाने सम्बंधित शिकायत पर स्थानीय लोगों व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विधायक शिव अरोरा ने कार्यकारी जिलाधिकारी से मुलाकात की। जिला कार्यकारी अधिकारी विशाल मिश्रा से मुलाकात के दौरान विधायक ने कहा बरसों से नजूल भूमि और दानपत्र की भूमि पर निवासरत लोगों को विद्युत विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन न दिया जाना अन्याय है। पूर्व से इन परिवारों को कनेक्शन दिये जा रहे थे। उक्त लोगों के पास भूमि के दस्तावेज भी हैं। विधायक ने कहा कि जो लोग पूर्व से ही दानपत्र और नजूल पर निवासरत है उनको पुरानी व्यवस्था के आधार पर कनेक्शन दिया जाये। जो नये सरकारी भूमि पर कब्जे की दृष्टि से कनेक्शन हेतु आवेदन करता है उनको प्रशासन अपने स्तर से संज्ञान ले। इस पर कार्यकारी जिला अधिकारी व सीडीओ विशाल मिश्रा ने विधायक शिव अरोरा को अवश्स्त करते हुए कहा कि वह विद्युत विभाग के अधिकारियों को बुलाकर इस स्थिति को स्पष्ट करेंगे। जो लोग पुराने समय से दानपत्र ओर नजूल पर निवासरत है और उनके पास उस समय के आवश्यक प्रमाण हैं उनको वही पुरानी व्यवस्था के आधार पर विद्युत कनेक्शन दिया जायेगा। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, महामंत्री राधेश शर्मा, पार्षद शिव कुमार, कैलाश राठौर, मयंक कक्कड़, मुकेश रस्तौगी, विद्या सागर, राजेन्द्र राठौड़, मदन दिवाकर, वीरपाल, राजा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# विधायक पाण्डे के प्रयास से व्यापारियों को मिलेगी राहत

गदरपुर (उद संवाददाता)।वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता कर गदरपुर को बड़ी राहत मिलने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बाईपास निर्माण के बाद नगर के मुख्य मार्ग के जर्जर हालात को देखते हुए पी डब्लू डी द्वारा नगर के मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है जिस कारण नगर के मार्ग के दोनों ओर टाइल्स के समतलीकरण की समस्या से शहर वासी जूझ रहे हैं जिसके चलते दो दिन पूर्व नगर के प्रतिनिधि मंडल ने डॉ सोनू विश्वास की अगुवाई में नगर की समस्या



को क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय को अवगत कराया जिस पर क्षेत्रीय विधायक द्वारा देहरादून पहुँचकर प्रदेश के मुखिया के सामने जनता की समस्या के समाधान के लिए बात की। जिस पर प्रदेश के मुखिया द्वारा तुरन्त सहमति जताते हुए टाइल्स कार्य कराए जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी। भाजपा जिला मंत्री चंकित हुड़िया ने टाइल्स निर्माण के समतली करण को लेकर पूरी बात विस्तार से बताते हुए नगर के व्यापारियों को जल्दी राहत मिलने की बात कही। प्रेसवार्ता के दौरान राकेश भड्डी, संतोष गुप्ता,डॉ सोनू विश्वास ,चिंतन अरोरा ने भी अपनी बात रखते हुए प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी एवं क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे का आभार जताया।

# सागर मोबाइल के नए शोरूम का शुभारम्भ


गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के सिनेमा हाल रोड पर सागर मोबाइल के नए प्रतिष्ठान का भव्य शुभारम्भ किया गया। शो रूम के स्वामी सागर गुम्बर ने बताया शोरूम का उद्घाटन कन्या रूपी मायरा, इशिका, गुरबाणी, सुखमन, सीरत, आराध्य,मान्या ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के व्यापारियों ने उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचकर बधाई दी।भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, आनंद ग्रुप इंडस्ट्रीज के स्वामी लवली हुड़िया, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि



कपिल अरोरा,अजय गाबा,राजू बाठला ने बधाई देते हुए शो रूम के स्वामी सागर गुम्बर एवं सुरेश कम्बोज के उज्ज्वल भविष्य की काँमना की। वही प्रतिष्ठान के स्वामी सागर गुंबर एवं सुरेश कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया उनके इस नए प्रतिष्ठान शोरूम पर हर कंपनी के मोबाइल उचित दामों पर मिलेंगे वही मोबाइलों से जुड़ी एसेसरीज भी मिलेगी उन्होंने क्षेत्रवासियों को लोन सुविधा का भी आश्वासन देते हुए सेवा का मौका दिए जाने की बात कही।

# डीएम ने बेसहारा को वृद्ध आश्रम में भेजने के दिये निर्देश

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में बुधवार को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में जनसुनवाई आयोजित हुई। डीएम ने आम जनमानस की समस्याओ एव शिकायतों का संज्ञान गंभीरता से लिया जिसमें विभिन्न लोगो की लगभग 52 शिकायतें व समस्याएं दर्ज हुई। डीएम ने जनसुनवाई के दौरान अधिकतर समस्याओ एवं शिकायतों को निस्तारित करते हुए शेष समस्याओं व शिकायतो को दूरभाष के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारियो को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान एवं निस्तारित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान लालसिंह पुत्र उदय सिंह मार्फत बसन्त सती ग्राम खडकपुर ,पो.ओ. मोटाहल्दु लाल कुआं ने कोई सहारा एव आर्थिकी स्थिति ठीक ना होने की समस्या रखी जिस पर डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को निर्देश दिए है की तुरन्त समाज कल्याण अधिकारी से वार्ता कर संबंधित को आज ही वृद्ध आश्रम मे भेजना सुनिश्चित करें। डीकर सिंह मेवाड़ी ग्राम प्रधान ककोड, पोस्ट पटरानी ओखल कांडा ने ग्राम पंचायत ककोड गांव की सड़क को प्रांतीय खंड नैनीताल में समायोजित की मांग पर डीएम ने जांच करने के उपरांत मानकों के आधार पर समायोजित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के साथ ही आमजनमानस उपस्थित थे।



Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# 'बालासोर ट्रेन हादसे' में जिंदा बचे रंजीत छः दिन बाद सकुशल घर लौटे

-विक्की मण्डल-

शक्तिफार्म। ओड़िशा के बालासोर ट्रेन हादसे में सकुशल बचे रंजीत ढाली छह दिन बाद बुधवार को शक्तिफार्म स्थित अपने घर पहुंचे। मौत को हराकर घर लौटे रंजीत परिजनों से मिलकर भावुक हो गये। परिजनों ने भी मिलकर राहत की सांस ली। बुधवार को सुरेंद्र नगर के तारक नाथ धाम पूजा कमेटी अध्यक्ष सुमित मण्डल रंजीत के आवास पहुंच कर हाल जाना। क्षेत्र के अरविन्द नगर रतन फार्म नंबर दो निवासी रंजीत ढाली पुत्र अमूल्य ढाली बांग्ला नाटक (जात्रा गान) के मंझे हुए कलाकार है, अभिनय के साथ साथ निर्देशन भी करते है। रंजीत ढाली लगभग 1988 से अभिनय कर रहे है। अभिनय के क्षेत्र में उनकी अलग ही पहचान है। ऊपर वाले का चमत्कार ही है कि ओडिशा के बालेश्वर में हुए भीषण ट्रेन हादसे में शक्ति फार्म के रंजीत ढाली जीवित बच गए। रंजीत ढाली शक्ति फार्म से अपनी पत्नी के साथ पिछले 15 मई को बांग्लादेश के लिए रवाना हुआ था। 18 मई को बांग्लादेश अपने रिश्तेदार के यहां पहुंचे थे। पत्नी सुप्रिया को बांग्लादेश छोड़कर एक मई को कोलकाता पहुंचे थे।



## कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने भी जाना हाल

शक्तिफार्म। रंजीत ढाली ने बताया कि ट्रेन दुर्घटना के अगले दिन तीन जून को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने फोन कर उनका हालचाल जाना। साथ ही हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। बताया कि सुकांत ब्रह्म स्मृति बंग भवन समिति अध्यक्ष देवू मंडल और तारक नाथ धाम सुरेंद्र नगर पूजा कमेटी अध्यक्ष सुमित मंडल ने भी फोन पर उनकी कुशलक्षेम जानी।

रंजीत को धान काटने के लिए हार्वेस्टर मशीन खरीदने के लिए आंध्र प्रदेश जाना था। एक मई को कोलकाता के शालीमार जंक्शन से शाम के 4:30 बजे शालीमार चेन्नई एक्सप्रेस में बैठे थे। रंजीत ट्रेन के 3 कोच में 52 नंबर सीट में सफर कर रहे थे। रंजीत ने बताया शाम करीब 7 बजे बालेश्वर स्टेशन एवं मदरक के बीच एक गांव के पास ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। रंजीत ने बताया हादसे के बाद कोच के अंदर इतना भयानक मंजर था कि ऊपर वाले का चमत्कार ही था की वह जिंदा बच गया। बताया ट्रेन के उस कोच में 90 यात्री रिजर्वेशन से सफर कर रहे थे। काफी संख्या मे मृतकों के बीच खुद को जिंदा पाया। लेकिन वह सदमे मे आ गया। हादसे में रंजीत भी घायल हो गया। उपचार के बाद रेलवे पुलिस द्वारा बस से भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पहुंचाया गया। जहां रिजर्वेशन व टिकट की डिटेल लेने के बाद रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेन से अन्य यात्रियों के साथ आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा पहुंचाया। रंजीत ने बताया रेलवे द्वारा उसे शक्ति फार्म पहुंचाने की व्यवस्था की गयी। रंजीत ने बताया की रेलवे स्टॉफ द्वारा उनकी मदद की गयी। जब हादसे का मंजर उनको याद आता है सहम उठते है डर से आज भी उनको अच्छे से नींद नही आती है। उनकी कानो में रोने चीखने चिल्लाने की आवाज गूंजती हैं। उन्होंने आज तक अपने जीवन में ऐसा मंजर नही देखा। सकुशल लौटे रंजीत ढाली बताया कि तीन जून को स्थानीय प्रशासन ने उनसे संपर्क किया था और उनके घर लौटने पर उनसे मिलकर घटना के बारे में जानकारी लेने की बात कही थी लेकिन उसके बाद उन्हें दोबारा कोई फोन नहीं आया और न ही कोई बयान दर्ज किए गए। उन्हें मुआवजा भी नहीं मिला है।

# नई संसद में दिखेगी 'ऐपण' की चित्रकला

## जन-जननी-जन्मभूमि थीम पर बनाई गई है पेंटिंग

देहरादून(उद ब्यूरो)। देवभूमि उत्तराखंड की लोककला ऐपण की झलक अब देश के भव्य नए संसद भवन में देखने को मिलेगी। उत्तराखंड की ऐपण चित्रकला को नई संसद में स्थान मिला है। नैनीताल की हेमलता कबडवाल ने देश के विभिन्न राज्यों के कलाकारों के साथ मिलकर संसद भवन के लिए वॉल पेंटिंग बनाई है। उत्तराखंड के कुमाऊं की प्रसिद्ध लोककला को भारत के नए संसद भवन में स्थान मिला है। प्रदेश की इस लोककला की दीदार देशभर के सांसद कर सकेंगे।इसका श्रेय नैनीताल की हेमलता कबडवाल को जाता है। मुक्तेश्वर की हेमलता कबडवाल ने संसद भवन के लिए देशभर के विभिन्न राज्यों के कलाकारों



के साथ मिलकर वॉल पेंटिंग बनाई है। नए संसद भवन में लगाई गई इस पेंटिंग को कला दीर्घा के तहत पीपल्स वॉल में जन-जननी-जन्मभूमि थीम पर तैयार किया गया है। बता दें कि ये पेंटिंग दुनिया की अब तक की सबसे लंबी पेंटिंग में शामिल है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई जन जननी जन्म भूमि प्रोजेक्ट के तहत पूरे देश की महिला कलाकारों को नई संसद के लिए एक चित्रकला बनाने का दायित्व दिया गया था। जिसके तहत ये पेंटिंग बनाई गई है। केंद्र सरकार के इस प्रोजेक्ट के तहत देशभर के लोक कलाकारों को अपनी लोक कला का प्रतिनिधत्व करने का मौका दिया गया था। जिसमें उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व नैनीताल के मुक्तेश्वर की हेमलता कबडवाल ने किया था। बता दें कि इस पेंटिंग का 28 मई को पीएम मोदी ने अनावरण किया था।

# नैनीताल के होटल व्यवसायी राज्यपाल से मिले

नैनीताल(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने बुधवार को राजभवन में होटल एसोसिएशन, नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्यपाल ने पदाधिकारियों के साथ नैनीताल में पर्यटकों हेतु सुविधाओं और अवस्थापना विकास से संबंधित चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की और उनके सुझाव प्राप्त किए। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल का प्राकृतिक सौंदर्य और झील देश एवं विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। नैनीताल में पर्यटकों हेतु सुविधाएं बढ़ाने के लिए सामुहिक प्रयास करने होंगे। उन्होनें कहा कि समय के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाना जरूरी है, इस ओर सरकार द्वारा भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से पर्यटन क्षेत्र में मॉर्डनाइजेशन व वैल्यू एडिशन किए जाने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा कि पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए टनल पार्किंग, मल्टीस्टोरी पार्किंग व रोप वे आदि से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा नैनीताल में पर्यटन व्यवसाय में आ रही चुनौतियों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया। पदाधिकारियों द्वारा मुख्य रूप से शहर की पार्किंग क्षमता बढ़ाये जाने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने, नैनीताल



स्थित रक्षा संपदा की भूमि को पार्किंग के रूप में विकसित किए जाने, पुराने होटलों के पुर्ननिर्माण कार्यों की स्वीकृति दिए जाने, कुमाऊं हेतु विशेष ट्रेनों के संचालन किए जाने, नैनीताल में हैलीपोर्ट बनाए जाने व हैली सेवाओं से जोड़ने जैसे सुझाव व समस्याओं से अवगत कराया।राज्यपाल ने सभी समस्याओं के लिए उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि इसके लिए संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन के अलावा मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री से वार्ता कर सुझावों पर अमल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ सुझावों पर कार्यवाही गतिमान भी है। बैठक में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष श्री दिग्विजय सिंह बिष्ट सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व राज्यपाल ने बोट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर नैनी झील में बोट संचालन की चुनौतियों के संबंध में चर्चा की और पदाधिकारियों से सुझाव प्राप्त किए। राज्यपाल ने कहा कि नैनी झील प्रकृति का बड़ा उपहार हम सभी के लिए है। नैनीताल की झील यहां आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र है। यहां पर आने वाला हर पर्यटक बोटिंग अवश्य करता है। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि बोट संचालन उनके रोजगार का बड़ा साधन है। जिस पर कई परिवारों की आर्थिक स्थिति निर्भर करती है। उन्होंने नैनी झील में बने बोट स्टेंड में शेल्टर बनाए जाना का सुझाव दिया जिससे बरसात के मौसम में पर्यटकों को खड़े होने की सुविधा हो सके। इसके साथ- साथ झील की सफाई की मॉनीटरिंग करने का सुझाव भी पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। उन्होंने झील के सौंदर्यीकरण और सड़क की मरम्मत की जरूरत बताई। राज्यपाल ने कहा कि इन सुझावों को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रामसिंह बिष्ट और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नदियों को शुद्ध बनाने के लिए निर्माल्य संग्रह वाहन का शुभारंभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी घास मंडी में निर्माल्य संग्रह वाहन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। बताते चलें कि निर्माल्य संग्रह वाहन सेवा का उद्देश्य है कि भारतवर्ष की पवित्र नदियों, तालाबों, कुएं समेत अन्य जल के स्रोतों को पवित्र बनाए रखना। वही पंडित प्रदीप मिश्रा (अंतरराष्ट्रीय शिव महापुराण कथा वाचक के प्रेरणा) से प्रेरित होकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुये शिव भक्त संजय भटनागर ने बताया निर्माल्य संग्रह वाहन का कार्य घर-घर व मंदिरों में जाकर भगवान की मूर्ति, अगरबत्ती, दूध के पैकेट, फूल-पत्ते, मालाएं व भगवान के चित्र एकत्र कर धरती में विसर्जन किए जाने हेतु निर्माल्य संग्रह वाहन सेवा का कार्य




शुरू किया जा रहा है। जिसमें आमजन को जागरूक किया जाएगा कि भगवान की मूर्ति, चित्र, फूल माला इत्यादि को इधर-उधर ना फेंके व ना ही नदियों में विसर्जन करे यह सामग्री एकत्रित कर संग्रह वाहन को जमा कराएं। श्री भटनागर ने कहा कि निर्माल्य संग्रह वाहन की सेवा हर सोमवार को सुबह से शुरू की जाएगी और जल्द ही एक टीम बनाकर नगर के हर मंदिर, चौराहा पर संग्रह वाहन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए फ्लेक्सी, पोस्टर भी लगाई जायेंगे और एक मोबाइल नंबर भी जारी किया जाएगा जिससे कि आमजन यह सामग्री एकत्र कर संग्रह वाहन तक पहुंचाएं।कार्यक्रम में संजय भटनागर, उमेश सागर, मनीष शर्मा, आकाश कोहली, वीरेंद्र सागर, भोला कारीगर,जानी,कृष्णा सागर, सचिन समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।

# अनुसूचित बस्तियों में भी चलेगा महाजनसंपर्क अभियान: आर्य

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पुनः भाजपा की सरकार बनाने में अनुसूचित समाज अहम भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित समाज का उत्थान भाजपा सरकार में ही सुरक्षित है। मोदी सरकार ने दलितों के विकास एवं उनके आर्थिक उन्नयन के लिए तमाम योजनाएं चलायी है। जिसकी बदौलत अनुसूचित समाज का रूझान भाजपा की ओर तेजी से बढ़ा है। नगर निगम सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में समीर आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, अनुसूचित मोर्चा ने देश में पुनः प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सरकार बनाने का संकल्प लिया है। इसी लिए मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर चलाये जा रहे महासंपर्क अभियान में भाजपा अनुसूचित मोर्चा



भी जोर शोर से जुट गया है। अभियान के तहत मोर्चा अनुसूचित बस्तियों में अपने परिवारों के बीच पहुंचेगा और मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखेगा। महाअभियान के तहत पहले चरण में प्रत्येक जनपद में अनुसूचित जाति के वरिष्ठ नेताओं की पत्रकार वार्ता की जा जा रही है। इसके बाद अनुसूचित बस्तियों में अनुसूचित मोर्चा अनुसूचित बस्तियों में जाकर लाभार्थियों से संपर्क करेगा। रात्रि में डॉ- अम्बेडकर चौपाल लगाकर बस्ती के लोगों के साथ संवाद किया जायेगा तथा टिफिन बैठक के माध्यम से सहभोज किया जायेगा। रात्रि प्रवास अनुसूचित बस्ती में अपने परिवार जनों के आवास पर किया जायेगा। इसके अलावा अनुसूचित बस्तियों में अनुसूचित मोर्चा लाभार्थी मेला लगाकर सरकार की योजनाओं का तत्काल लाभ जनता को दिलायेगा। प्रत्येक लाभार्थी से सम्पर्क कर उनके साथ सेल्फी विथ लाभार्थी के माध्यम से लाभार्थियों से जुड़ेगा। युवा संवाद के तहत इस कार्यक्रम में डॉ अम्बेडकर छात्रवास के अनुसूचित छात्रें के साथ सम्पर्क कर संवाद किया जाएगा तथा महाविद्यालय व परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रें के साथ गोष्ठी की जायेगी। इसके बाद सयुंत्तफ मोर्चा सम्मलेन आयोजित होगा जिसमें अनुसूचित मोर्चा अत्यधिक संख्या में लोगों की भागीदारी करायी जायेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देश का मान पूरी दुनिया में बढ़ा रहे हैं। नरेंद्र मोदी का व्यत्तिफत्व इतना विशाल है कि ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने बॉस कहा तो अमेरिका के प्रधानमंत्री ने ऑटोग्राफ मांगे और पापुआ न्यूगिनी के प्रधानमंत्री ने पैर छूकर सम्मान प्रकट किया। ऐसा सम्मान देश के किसी भी प्रधानमंत्री को नहीं मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक फैसले लेकर देश को कई जटिल समस्याओं से बाहर निकाला है। आज भारत आत्म निर्भर बनने के साथ साथ विश्व गुरू बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्री आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर अनुसूचित समाज आज बड़ी संख्या में भाजपा के साथ जुड़ रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में देश में पुनः भाजपा सरकार बनाने में अनुसूचित समाज अहम भूमिका निभायेगा। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह, जिलाध्यक्ष महेन्द्र बाल्मिकी, विकास सागर, धर्म सिंह कोली, मदन दिवाकर, विक्की बाल्मिकी, अंकित हिडाले, महेश कोली, राज कोली, सोनू सागर आदि भी मौजूद थे।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# बीसीआई और इंग्लैंड वेल्स बार के बीच हुआ एमओयू

## अब भारत के वकील ले सकेंगे इंग्लैंड और वेल्स में प्रशिक्षण
## लॉ स्टूडेंट्स करेंगे विदेशों में इंटर्नशिप: एड. डीके शर्मा

नैनीताल(उद संवाददाता)। बार काउंसिल ऑफ इंडिया और इंग्लैंड और वेल्स की बार काउंसिल सहित इनकी लॉ सोसाइटी के साथ लंदन में एक महत्वपूर्ण एमओयू के बाद भारत के वकीलों के इंग्लैंड और वेल्स में तथा इंग्लैंड और वेल्स के वकीलों के भारत में प्रशिक्षण का रास्ता खुल गया है। एमओयू के अनुसार, बार काउंसिल ऑफ इंडिया को एक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत देश के युवा अधिवक्ताओं को बार काउंसिल ऑफ इंग्लैंड एंड वेल्स सहित इंग्लैंड और वेल्स की लॉ सोसायटी, प्रतिष्ठित कानूनी कार्यालयों और अंग्रेजी विधि न्यायालयों में प्रशिक्षण के लिए संस्तुत करने के लिए अधिकृत किया गया है। प्रतिनिधि मंडल में शामिल उत्तराखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा बीसीआई सदस्य डीके शर्मा ने बताया कि इंग्लैंड और वेल्स के सॉलिसिटरों और बैरिस्टरों को भी भारत में कानूनी प्रशिक्षण और सुविधाएं दी जाएंगी। हांलांकि इससे उन्हें देश में प्रैक्टिस का अधिकार नहीं बल्कि केवल प्रशिक्षण ही मिलेगा। साथ ही एमओयू के तहत भारत के चुनिंदा कानून के विद्यार्थियों को भी बीसीआई की ओर से यूके के बार संस्थानों में इंटर्नशिप के लिए भेजे जाने की संस्तुति की जा सकेगी। इस एमओयू पर सोमवार को लंदन में बार काउंसिल ऑफ इंडिया, इंग्लैंड और वेल्स की बार काउंसिल तथा इंग्लैंड और वेल्स की लॉ सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए।इस प्रतिनिधिमंडल में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा, डीके शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, सुरेश चंद्र श्रीमाली, प्रताप मेहता, श्रीनाथ त्रिपाठी, जयंत जयभावे, एरामी रेड्डी, दिलीप पटेल, शैलेंद्र दुबे, विष्णुवर्धन रेड्डी, प्रशांत कुमार सिंह, प्रताप सिंह, सदस्य, डॉ. अमित वैद आदि शामिल थे। आयोजित बैठक में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने बताया कि भारत में विदेशी वकीलों की प्रैक्टिस से संबंधित नियमों में कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तनों किए जाने आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि बीसीआई को भारतीय लॉ फर्मों और बार द्वारा अनेक प्रस्ताव भी मिले हैं। एस प्रभाकरन ने बताया कि इस मामले में विदेशी लॉ संस्थाओं की राय पर भी आमंत्रित की जाएगी। उत्तराखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डीके शर्मा ने बैठक बताया कि बीसीआई ने कहा है कि भारत में अन्य देशों के अधिवक्ताओं द्वारा प्रैक्टिस करने सहित इंग्लैंड में अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता आदि के विषय में भारत में विदेशी वकीलों और विदेशी लॉ फर्मों के पंजीकरण और विनियमन के मामले बार काउंसिल ऑफ इंडिया के 2022 के नियमों के तहत ही मान्य होते हैं, जिन पर बीसीआई द्वारा विचार का प्रस्ताव है।





## आरपी सिंह बने कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि प्रकोष्ठ, प्रदेश अध्यक्ष उमेश जोशी द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट आरपी सिंह को कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। यह घोषणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा द्वारा किच्छा में एक कार्यक्रम के दौरान की गयी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिला बार एसोसिऐशन उधम सिंह नगर के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट आरपी सिंह लगातार कांग्रेस के विधि सम्बन्धित कार्यों में लगन के साथ पार्टी को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं तथा कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, उत्तराखण्ड प्रभारी देवेन्द्र यादव के हाथों को मजबूत करने में अपना सहयोग देते रहेंगे एवं अपने क्रियाकलापों से उत्तराखण्ड व आस-पास के क्षेत्रों में व अधिवक्ताओं के बीच में कांग्रेस के हित में कार्य कर कांग्रेस की नीतियों का प्रचार प्रसार करेंगें। इस दौरान एडवोकेट आरपी सिंह ने अपने मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष विधि कांग्रेस उमेश जोशी तथा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ.गणेश उपाध्याय सहित अन्य सभी वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।



## रामनगर पहुंची साध्वी वर्षा नागर का हुआ जोरदार स्वागत

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर में 8 से 10 जून तक होने वाले हिंदू महिला जनजागृति समागम को लेकर मध्य प्रदेश के उज्जैन से रामनगर पहुंची साध्वी वर्षा नागर का विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। बता दें कि हिंदू महिला सशक्तिकरण एवं उन्हें मजबूत बनाने के लिए गुरुवार से शनिवार तक अग्रवाल सभा भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें साध्वी वर्षा नागर द्वारा महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ाने को लेकर संबोधित किया जाएगा साध्वी वर्षा नागर ने नारी को लेकर कई उदाहरण दिए उन्होंने कहा कि नारी की कोख से ही ध्रुव और भगवान राम ने जन्म लिया तो वही रानी लक्ष्मीबाई और मीराबाई ने भी जन्म लिया है उन्होंने कहा कि इसी को लेकर वह रामनगर पहुंची है जहां उन्होंने सभी से 3 दिन के इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की है तो वहीं उन्होंने देश में बढ़ रहे महिला अपराधों पर भी चिंता जताते हुए कहा कि सरकार ने कानून तो बनाया है लेकिन इसे अभी और मजबूत करने की आवश्यकता है।



## काशीपुर और डोईवाला के निकट दो नए शहर बसाने पर जताया आभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने काशीपुर और डोईवाला के निकट 2 नए शहर बसाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभिक तौर पर हरी झंडी दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार जताया है। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार डबल इंजन की भांति उत्तराखंड के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को तेजी के साथ अमलीजामा पहना रहा है इसी कड़ी में काशीपुर और डोईवाला के निकट दो नए शहर बसाने के लिए केंद्र सरकार ने प्रारंभिक तौर पर हरी झंडी दे दी है। श्री भट्ट ने बताया कि जल्द ही इन क्षेत्र में निरीक्षण के लिए केंद्र से टीम आएगी। उन्होंने कहा कि इन नए बस आए जाने वाले शहरों में आवास विभाग सुविधाएं देगा, जिनमें सड़क, सीवर से लेकर अत्याधुनिक शहरों जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसके अलावा टाउन प्लानिंग विभाग की मदद से इन शहरों का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। श्री भट्ट ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार हर स्तर पर उत्तराखंड के विकास के लिए गंभीर है इसका एक उदाहरण है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय आवास व शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार जताया है।




गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए?
आधार लाये,
उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी: तिकोनिया मो- 9837077682 | चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666 | पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर: काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर: चीमा चौराहा मो-7455045084 | रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर: गुरूनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मादक पदार्थों का संजाल

भारत के सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन या अन्य तरीकों से पाकिस्तानी सीमा-क्षेत्र से घुसपैठ या मादक पदार्थों की खेप भेजने की कोशिश में आए दिन लोग पकड़े जाते हैं या ड्रोन को मार गिराया जाता है। सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ और इस रास्ते भारत को अस्थिर करने की मंशा से पाकिस्तान स्थित ठिकानों से आतंकवादी गिरोह किस-किस तरह की हरकतें करते रहते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। लेकिन पिछले कुछ समय से उन्होंने एक नए 'हथियार' को आजमाना शुरू कर दिया है। यह हथियार है मादक पदार्थों को भारत में भेजना, ताकि इसकी ओर आकर्षित होने वालों की नशे तक आसान पहुंच बने। गौरतलब है कि सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब के अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया और तीन किलो से ज्यादा यानी करीब इक्कीस करोड़ रुपए की हेराइन बरामद की। ऐसा नहीं है कि ऐसी यह कोई पहली घटना है। भारत के सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन या अन्य तरीकों से पाकिस्तानी सीमा-क्षेत्र से घुसपैठ या मादक पदार्थों की खेप भेजने की कोशिश में आए दिन लोग पकड़े जाते हैं या ड्रोन को मार गिराया जाता है। पिछले महीने ही केरल में समुद्र तट पर स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने एक पाकिस्तानी नागरिक को लगभग बारह सौ करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थों के साथ पकड़ा था। पिछले डेढ़-दो दशकों से पंजाब किस तरह नशे की गिरफ्त में रहा और इसका वहां के आम लोगों के जीवन पर कैसा असर पड़ा, यह छिपा नहीं है। बल्कि यह कहा जा सकता है कि अगर किसी समाज की ज्यादातर आबादी को किसी नशे की लत में डुबो दिया जाए तो हर स्तर पर उसका विकास अपने आप ही बाधित हो जाएगा। पंजाब का उदाहरण सामने है, जहां युवाओं सहित भारी तादाद में लोग अलग-अलग तरह के नशे के शिकार हो गए। अब इस ओर ध्यान जाने के बाद वहां के लोगों के सामने इस समस्या से पार पाना एक बड़ी चुनौती हो गई है। हालांकि पंजाब के लोग खुद भी अब अपने स्तर पर मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूक हो रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों के सरगनाओं ने नशे के असर से पैदा होने वाली कमजोरी की पहचान कर ली है और वे पंजाब सहित जम्मू-कश्मीर में भी ड्रोन, घुसपैठ या किसी अन्य जरिए से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। दरअसल, ऐसा करने वालों को इस बात का खूब अंदाजा है कि मादक पदार्थों के नशे की चपेट में आए लोग किसी भी देश के लिए कैसी समस्या बन सकते हैं। इस संजाल में फंसने वाले किशोरों और युवाओं को आसानी से किसी आपराधिक गतिविधि की ओर धकेला जा सकता है, देश के खिलाफ प्रतिगामी विचारों से अनुकूलित किया जा सकता है। शायद यही वजह है कि पाकिस्तानी सीमा के भीतर से काम करने वाले आतंकी गिरोह एक ओर जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की रणनीति पर काम करते हैं, वहीं पंजाब के रास्ते भी भारत में चुपचाप और आधुनिक तकनीकी का सहारा लेकर मादक पदार्थों की खेप भेज देते हैं। बल्कि अब कश्मीर में भी चुपके से वहां के युवकों तक नशीले पदार्थ पहुंचाए जा रहे हैं, ताकि उसका लती बना कर उनसे अपनी मंशा पूरी कराई जा सके। सच यह है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत ने जब से सख्त रुख अख्तियार किया है, तब से पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकी गिरोहों के लिए प्रत्यक्ष आतंकी वारदात को अंजाम देना मुश्किल होने लगा है और ऐसी घटनाओं में कमी आई है। इसलिए अब वे यहां के युवाओं को मादक पदार्थों के संजाल में फंसा कर दूसरे स्तर से बड़ा नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। जाहिर है, सरकार को अब इस मोर्चे पर भी हर वक्त सजग रहने की जरूरत है।

# अनुपस्थित अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग (राज्य मंत्री) श्री मजहर नईम नवाब एवं उपाध्यक्ष इकबाल सिंह ने बुधवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में अल्पसंख्यकों के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में अधिकारी अनुपस्थित पाये जाने पर उपाध्यक्ष श्री नवाब ने गम्भीरता से लेते हुये अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण के साथ ही नोटिस जारी किया है, और 10 दिनों के भीतर नोटिस का जबाव अल्पसंख्यक आयोग देहरादून में देने के निर्देश दिये हैं। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष ने गहरी नाराजगी व्यक्त की कहा कि भारत सरकार व उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए जो छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है इसका संज्ञान ना ही विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को ना ही शिक्षकों को है। इस लिए उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रदेश में केवल 18 प्रतिशत बच्चों को ही इसका लाभ दिया जा रहा है यह एक अत्यन्त गम्भीर मामला है। उन्होंने शिक्षा अधिकारी के साथ ही अल्पसंख्यक अधिकारी को निर्देश दिये कि योजना का अधिक से अधिक प्रचार किया जाए तथा विद्यालयों में उक्त योजना के बोर्ड आदि लगाये जायें ताकि जो बच्चे पात्र हैं वे इन योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा छात्रवृत्ति के आवेदन की अन्तिम तिथि 17 जुलाई 2023 है इससे पूर्व जनपद के सभी विद्यालयों में अल्पसंख्यकों के बच्चों के आवेदन ऑनलाइन कर दिये जाए इसके बावजूद कोई भी विद्यालय के बच्चे इन योजनाओं से वंचित रह जाते है तो उस स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ ही शिक्षकों की जिम्मेदारी तय होगी और कठोर कार्यवाही सम्बन्धित शिक्षक के खिलाफ अमल में लाई जायेगी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि शहर में प्रत्येक माह चिकित्सकीय कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड धारकों को इन कैम्पों का अधिक से अधिक लाभ दिया जाए। श्री नवाब द्वारा अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार के तहत कुल 5 दम्पत्तियों को 50-50 हजार के अनुदान के चौक दिये गये जिसमें मुकेश कुमार पत्नी कुसुम, नन्द किशोर पत्नी अनीता रावत, जितेन्द्र भटट पत्नी पूजा, चन्दर सिंह पत्नी रेनु आर्या तथा आशीष कुमार पत्नी करिश्मा कोटलिया को दिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष श्री नवाब द्वारा पुलिस, पूर्ति, लोनिवि, युवा कल्याण,उद्यान, कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, जिला विकास विभाग आदि विभागों के अल्पसंख्यकों के साथ ही गरीब तबके के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर हरबंस सिंह, डीडीओ गोपाल गिरी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 रश्मि पंत, अधिशासी अभियंता लोनिवि अशोक कुमार, सीओ सिटी भूपेन्द्र सिंह धौनी,जिला अल्पसंख्यक अधिकारी दीपांकर घिडियाल, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल,एडीएसटीओ बीएस राना,जिला पंचायत सदस्य किशोरी लाल के साथ ही आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# मरीज को ले जा रही एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। मरीजों को चिकित्सालय ले जा रही एम्बुलेंस मार्ग में दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे उसमें सवार लोगों को चोटें आ गईं। तहसील रानीखेत हेमन्त मेहरा ने बताया कि राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र सदर अन्तर्गत स्थान ग्राम किलकोट ऐरोली में आपातकालीन वाहन 108 मरीजों को चिकित्सालय लेते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। उन्होंने बताया कि वाहन में मरीज दीपा नेगी पत्नी चन्दन सिंह नेगी को ग्राम



गंगोड़ा से गोविन्द सिंह मेहरा राजकीय चिकित्सालय रानीखेत ले जाया जा रहा था।जो सड़क से नीचे धर्मा देवी पत्नी स्व. भूपेन्द्र राम के मकान के छत में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। उन्होंने बताया कि वाहन में मनोहर पुत्र केशव राम (वाहन चालक), सुषमा पुत्री गणेश दत्त जोशी, श्रीमती दीपा नेगी पत्नी चन्दन सिंह नेगी (मरीज), राधिका देवी पुत्री किशन राम एवं टीका राम पुत्र किशन राम सवार थे। घायलों में राधिका देवी को हायर सेन्टर रेफर किया गया है अन्य को हल्की चोटें आयी हैं जिनका उपचार गोविन्द सिंह मेहरा राजकीय चिकित्सालय रानीखेत में चल रहा है।

# चोरी की बाईक सहित दो गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआं कोतवाली क्षेत्रांतर्गत हल्दूचौड़ चौकी पुलिस ने चोरी की एक मोटर साईकिल सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार सचिन कठायत पुत्र स्वर्गीय राम सिंह निवासी पश्चिमी राजीव नगर घोड़ानाला,बिंदुखत्ता द्वारा कोतवाली लाल कुआं में शिकायत दर्ज कराई गई कि वह अपने दोस्त सूरज मिस्त्री की मोटरसाइकिल संख्या यूके 04 ए एफ 0315 को एचडीएफसी के पास खड़ी कर दुकान में खाना खाने एक्स गया। खाना खाकर जब वापस आया तो देखा कि बाइक को कोई लेकर फरार हो गया। चोरी हुई मोटरसाइकिल की बरामदगी तथा चोरों की गिरफ्तारी के लिए डीआर वर्माप्रभारी निरीक्षक लाल कुआं के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। गत दिवस मुखबिर की सूचना पर बाइक की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो युवकों सुमित पाल सागर पुत्र स्वर्गीय मैकूलाल निवासी कालिका मंदिर लाल कुआं तथा किशन मौर्या पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद निवासी पता उपरोक्त को कालिका मंदिर के पास से मय चोरी की मोटरसाइकिल के साथ हल्दू चौड़ चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सोमेंद्र सिंह द्वारा अपनी टीम के साथ गिरफ्तार किया गया।



# उत्तराखंड में दो नए शहर बसाने को केंद्र ने दी मंजूरी

देहरादून। प्रदेश में काशीपुर व डोईवाला के निकट दो नए शहर बसाने को केंद्र सरकार ने प्रारंभिक तौर पर हरी झंडी दिखा दी है। आवास विभाग ने केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में सर्वसुविधा संपन्न शहर का प्रस्तुतिकरण दे दिया है, जिस पर सहमति जताते हुए दोनों स्थानों का निरीक्षण करने जल्द ही केंद्र की टीम आएगी। राज्य ने इन शहरों का 1100 करोड़ का प्रस्ताव मंत्रालय को भेजा था। आवास विभाग प्रदेश में आठ नए शहरों को बसाने की योजना पर काम कर रहा है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र से इस संबंध में अनुरोध करते हुए 1100 करोड़ का प्रस्ताव दिया था। इसके तहत आवास विभाग ने दो शहरों का प्रस्ताव तैयार किया था और केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को भेज दिया था। इनमें एक शहर काशीपुर में पराग फार्म की भूमि पर इंडस्ट्रियल सिटी के नाम से 378.50 हेक्टेयर भूमि पर बनेगा। दूसरी टाउनशिप, डोईवाला के निकट दून-हरिद्वार हाईवे पर एयरो सिटी के नाम से बनेगी। इंटिग्रेटेड टाउनशिप के नाम से यह शहर 3080.8 भूमि पर बनाया जाएगा। इसमें 746.98 हेक्टेयर सरकारी भूमि और 2333.81 हेक्टेयर निजी भूमि होगी। जानकारी के मुताबिक, प्रस्तुतिकरण होने के बाद जल्द ही दोनों टाउनशिप का निरीक्षण करने के लिए केंद्र की टीम उत्तराखंड पहुंचेगी।

# लव जिहाद को लेकर सीएम धामी हुए सख्त, डीजीपी को दिए निर्देश

देहरादून। उत्तरकाशी के पुरोला में उपजे विवाद के बाद वहां से समुदाय विशेष के लोगों ने दुकानें खाली करनी शुरू कर दी हैं। पुरोला में व्याप्त तनाव और लव जिहाद मामले को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री ने चुपी तोड़ी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने



कहा कि लव जिहाद और लैंड जिहाद को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह से सख्त है। देवभूमि उत्तराखंड में इस तरीके की हरकतों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम ने ऐसे मामलों में डीजीपी अशोक कुमार को सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में इन दिनों लव जिहाद को लेकर माहौल गर्माया हुआ है। उत्तरकाशी के पुरोला में भी नाबालिग लड़की को भगाने का मामला भी अभी थमता हुआ नहीं दिख रहा है। मामले की गंभीरता को देख पुरोला में पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। कानून व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए एसएसपी अर्पण यदुवंशी ने बुधवार को पुरोला में एक प्लाटून पीएसी तैनात कर दी है। ताकि इलाके में शांति व्यवस्था बनी रह सके। इसके साथ ही पुरोला में समुदाय विशेष व्यापारियों की दुकानें पिछले 15 दिन से बंद है।

# प्रदेश में सरकार खोलेगी दो नशा मुक्ति केंद्र

रुद्रपुर।युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकालने के लिए सरकार गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में एक-एक नशा मुक्ति केंद्र खोलने जा रही है। देहरादून में 18.36 करोड़ रुपये की लागत से केंद्र का निर्माण होगा। हल्द्वानी में खाली पड़े सरकारी भवन की तलाश की जा रही है। प्रदेश में युवा वर्ग स्मैक, शराब, चरस, गांजा, कोकीन और नशीले इंजेक्शनों के दलदल में फंस रहे हैं। नशे से निजात दिलाने के लिए अभिभावक बच्चों को स्वयं सेवी संस्थाओं की ओर से संचालित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा देते हैं। प्रदेश में हल्द्वानी, पिथौरागढ़, हरिद्वार, खटीमा आदि में गैर सरकारी नशा मुक्ति केंद्र बने हैं लेकिन कुमाऊं में सरकारी स्तर पर नशा मुक्ति केंद्र नहीं है। इसके कारण गरीब परिवार अपने बच्चों में पनपी नशे की प्रवृत्ति को छुड़ाने के लिए निजी केंद्रों का खर्च वहन नहीं कर पाते हैं। इसको लेकर लंबे समय से सरकारी नशा मुक्ति केंद्र को स्थापित करने की मांग उठ रही थी। राज्य गठन के 22 साल बाद सरकार ने नशा मुक्ति केंद्र बनाने की सुध ली है। समाज कल्याण विभाग की ओर से देहरादून और हल्द्वानी में नशा मुक्ति केंद्र बनाया जा रहा है। इसमें 50 पुरुष व 25 महिलाओं के रहने की क्षमता होगी। विभाग के अधिकारियों की ओर से हल्द्वानी में खाली पड़े भवन की तलाश की जा रही है।

# जीवन को आनंद देने वाला मेला बनाएं झमेला नहीं: हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी हरि चैतन्यपुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मेले समृद्ध संस्कृतिक विरासत व भारतीय लोक संस्कृति के प्रतीक हैं। मेला मिलाप शब्द का पर्याय है। जहां हम आपस में प्रेम, एकता, सद्भाव व सौहार्द पूर्ण वातावरण में बिना किसी भेदभाव के मिलते हैं। उन्होंने कहा कि मेले में जाकर आनंद आता है लेकिन यदि मेले में ठीक से चलना, बोलना व व्यवहार करना ना आए तो मेला कब झमेला बन जाता है पता भी नहीं चलता। अधिकांशतः लोगों का जीवन भी आनंद देने वाला मेला ना होकर झमेला ही बना हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रभु नाम लेकर उस पर दृढ़ विश्वास रखते हुए हम कोई भी कार्य करते हैं तो कदम कदम पर रक्षा करने वाले हमारे परमात्मा



श्री हरि हमारे साथ होते हैं तो भय कैसा ? अपने दिव्य प्रवचनों में उन्होंने कहा कि ध्यान की एकाग्रता के लिए एक ईष्ट का चुनना बहुत आवश्यक है अंतर में अपने ईष्ट का ध्यान करते हुए बाहर सभी का सम्मान, पूजा व ध्यान कर सकते हैं। यदि ना कर पाए तो कम से कम किसी का निरादर ना करें। ईष्ट को सर्वोपरि माने तथा उसके प्रति निरंतर प्यार बढ़ाते रहें जीवो पर करुणा व दया बरसाए। पूर्णरूपेण अहिंसा व्रत का पालन करें बर्हिमुखता त्याग कर अनर्तमुख होंगे तो भक्ति पथ पर आगे बढ़ते हुए परमात्मा का साक्षात्कार कर सकेंगे। अभ्यास के द्वारा मन की चंचलता को रोको मन परमात्मा की अमानत है इसे परमात्मा में ही लगाएं। विषय, भोग ,संसार सांसारिकता भोग विलासो मे लगाने पर अन्तत दुखी होना पड़ता है। छोटी-छोटी बातों से आपसी प्रेम व सद्भाव को समाप्त ना करें श्रद्धा व विश्वास से ही अंत करण में स्थित परमात्मा को देख सकते हैं। उन्होंने सभी भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। सारा वातावरण भक्ति मय हो उठा व श्री गुरु महाराज कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूँज उठा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के साथ साथ विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक जसपुर शैलेन्द्र मोहन सिंघल, पूर्व नपा अध्यक्ष भागीरथ चौधरी, नपा अध्यक्ष ऊषा चौधरी व कई दलों के नेता व गणमान्य लोग श्री महाराज जी के दर्शनों व आशीर्वाद लेने पहुँचे ।

# धरने की सफलता पर गावा और शर्मा ने जताया आभार

रूद्रपुर। किच्छा में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को आयोजित धरना प्रदर्शन की सफलता पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हिमांशु गावा एवं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने सभी कार्यकर्ताकर्ताओं एवं आम जनता का आभार व्यक्त किया है। जारी बयान में जिलाध्यक्ष गावा एवं महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि गरीबों, किसानों, व्यापारियों को उजाड़े जाने के खिलाफ कल किच्छा तहसील में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की अगुवाई में आयोजित धरना प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा। उन्होंने कहा कि धरना प्रदर्शन में उमड़ी भीड़ से स्पष्ट है कि प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ लोगों में गुस्सा है। हजारों की संख्या में लोगों ने इस धरना प्रदर्शन में पहुंचकर प्रदेश सरकार के खिलाफ हुंकार भरी है। यह हुंकार खाली नहीं जायेगी। गरीबों के आशियानों को उजाड़ने से पहले अब सरकार को हजार बार सोचना पड़ेगा। श्री गावा और श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस इस लड़ाई को जारी रखेगी। जब तक उजाड़े गये लोगों का पुनर्वास नहीं हो जाता और दशकों से बसें लोगों को मालिकाना हक नहीं दिया जाता तब तक कांग्रेस इसी तरह संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने धरना प्रदर्शन में पहुंचने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश पूर्व सांसद महेन्द्र पाल का भी आभार व्यक्त किया। साथ ही किसानों के साथ समर्थन देने पहुंचे तराई किसानन संगठन के तजेन्द्र सिंह विर्क का भी आभार प्रकट किया।

# अगर लोगों को उजाड़ा तो आवाज बुलंद करूंगा : हरदा

## पूर्व सीएम हरीश रावत ने अतिक्रमण को लेकर सोशल मीडिया पर लिखी पोस्ट: जब भाजपा मेरी कुब्रांडिंग प्रारंभ करेगी तो इन खत्तों और गोटों में रहने वाले लोग भी ताली बजाएंगे जैसा बिंदुखत्ता के लोगों ने बजाई

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में आगामी निकाय और फिर लोकसभा के चुनाव से पूर्व सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर अवैध रूप से अतिक्रमण



कर बनायी गई मजारों सहित तमाम पूजा स्थलों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाने को लेकर अब सियासी घमासान छिड़ गया है। हांलाकि पिछले एक महिने से जारी अतिकमण हटाओ अभियान फिलहाल थम गया है। सीएम के आदेश का हवाला देते हुए प्रशासन द्वारा सत्यापन और अतिक्रमणकारियों को चेतावनी के नोटिस भेजने पर भी स्थानीय एवं मूल निवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त हो रहा है। जबकि राज्य सरकार ने कई वर्षों से बसे लोगों के घर अभियान की जद में आने का संज्ञान लेते हुए पिछले कई वर्षो से काबिज बसावटों से किसी भी तरह की छेड़छाड़ करने से अपने कदम पीछे खींच लिये है। वहीं दूसरी तरफ विपक्षी दल कांग्रेस ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर गरीब वर्ग के हितों की लड़ाई लड़ने का ऐलान करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। कुमाऊं मंडल के मैदानी क्षेत्रो में अभियान का व्यापक असर पड़ रहा है जिससे कई लोग रोजी रोटी व अपने घर बचाने के लिये सरकार से राहत की गुहार भी लगा रहे है। अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार और विभागीय अधिकारियों के रवैये को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा है कि मैं विचारक नहीं हूं, व्यवहारिक हूं, चलता रहता हूं, ठोकर खाता हूं! भाजपा सरकार जब आज राज्य में राज्य सरकार केवल एक ही मंत्र का जाप कर रही है अतिक्रमण - अतिक्रमण, अतिक्रमण! मैं उन सब गोट, खत्तों, वन ग्रामों ऐसी बसासतों के साथ हूं जो राज्य निर्माण से पहले उत्तराखंड में बनी हैं। राज्य निर्माण के वक्त इन बसासतों में बसने वाले लोगों ने भी एक सपना देखा था कि जब हमारा राज्य बनेगा और जिस मिट्टी पर हम खड़े हैं उस पर हमारा अधिकार होगा। मुझ जैसे कुछ लोग भी हैं जिन लोगों ने इन बसासतों को बसाने में सहयोग दिया, बिंदुखत्ता, पुछड़ी, सुंदरखाल से लेकर के कई ग्राम ऐसे हैं जिनको बसाने में हमने सहयोग दिया, बसाने वालों के साथ खड़े हुए। हमारी शिकायतें भी हुई लेकिन हमने छाती ठोक कर के कहा कि हमारा बस चलेगा तो हम 200 बिंदुखत्ता बसाएंगे। कांग्रेस को जब भी अवसर मिला राज्य निर्माण के बाद हमने इन बसासतों के नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की, गैंडी खत्ता क्षेत्र इसका ज्वलंत उदाहरण है। 2015 में आपदा पुनर्निर्माण कार्यों के दायित्व को पूरा करने के बाद हमारी सरकार ने भी इन बसासतों के नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की। कई बसासतों को जिनमें वनभूलपुरा भी सम्मिलित है, ऋषिकेश के कुछ क्षेत्र सम्मिलित हैं जिनको हमने नगरपालिकाओं का हिस्सा बनाया और इन बसासतों के नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की, जिनमें चुकम से लेकर सुंदरखाल तक और खटीमा में बग्गा चव्वन से लेकर टनकपुर, इधर मालधन चौड़ इन सब क्षेत्रों के लिए प्रक्रियाएं प्रारंभ की गई। वन गुज्जर कैसे जो जंगलों में रह गए हैं उनको बसाया जाए उसकी प्रक्रिया भी प्रारंभ की और यही नहीं किया रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का कार्य प्रारंभ कर रिस्पना को एक मॉडल बनाया, जहां कुछ जमीनें निकालकर हमने कहा कि हम इन जमीनों पर बसाएंगे जो नदियों के खालों में बसे हुए हैं जिनको हम मलिन बस्तियां कहते हैं, हमने उनको मालिकाना हक देने का कानून बनाया। 35000 ऐसे घर बनाने की योजना का श्रीगणेश रुद्रपुर से किया। आज जब फिर इन सब पर अतिक्रमण हटाने के नाम पर संकट आ रहा है तो मैं एक बार फिर जानबूझकर करके उस राह पर चल रहा हूं जिस राह पर ठोकर लगनी है, क्योंकि मैं जानता हूं जब भाजपा का दुष्प्रचार तंत्र काम करेगा, तो मुझे न जाने कैसी ब्रांडिंग किया जाएगा! और जब भाजपा मेरी कुब्रांडिंग प्रारंभ करेगी तो इन खत्तों और गोटों में रहने वाले लोग भी ताली बजाएंगे जैसा बिंदुखत्ता के लोगों ने बजाई, इसी विधानसभा के चुनाव में बजाई। लेकिन हमारा स्वभाव है राह पर चलना और चलते रहना, इसलिए हम बिंदुखत्ता हो या कोई खत्ता, गोट हो, कोई स्थान हो, जहां भी राज्य निर्माण से पहले बसे हुए लोगों को बिना किसी वैकल्पिक प्रबंधन के उजाड़ा जाएगा तो हरीश रावत उसके खिलाफ आवाज बुलंद करेगा और अपनी पार्टी से आग्रह करेगा कि हमको उनके साथ खड़ा होना है।

# बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे ग्रामीण

लालकुआं। बिंदुखत्ता संघर्ष समिति द्वारा प्रस्तावित राजस्व गांव एवं बिंदुखत्ता को अतिक्रमण क्षेत्र की सूची से हटाने की मांग को लेकर बुधवार को हजारों लोगों ने मोर्चा खोल दिया। अपनी मांगों को लेकर हजारों लोगों का हुजूम सड़क पर उतर गया, इस दौरान ग्रामीणों ने बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने की जोरदार मांग की। बुधवार को बिंदुखत्ता के हजारों ग्रामीण, युवा व महिलाओं का हुजूम जड़ सेक्टर में एकत्रित हुआ। दोपहर करीब एक बजे भीषण गर्मी में ग्रामीणों का जुलूस लालकुआं तहसील की ओर रवाना हुआ। जुलूस का एक सिरा जड़ सेक्टर तो दूसरा सिरा लालकुआं नगर पहुंच गया था, इस दौरान प्रदर्शनकारी बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाओ के नारे लगा रहे थे। प्रदर्शन के साथ ही ये लोग सड़क से गुजरते हुए



तहसील पर पहुंचे। तहसील में उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। इससे पहले एक सभा को भी संबोधित की गई। इससे पूर्व जड़ सेक्टर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा की विधायक व सांसद ने बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने का वादा कर वोट बटोरे थे, लेकिन सरकार बनने के बाद बिंदुखत्ता को अतिक्रमित सूची में शामिल कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि वोट लेने के लिए जनप्रतिनिधियों ने कई वादे किए थे, लेकिन चुनाव जीतने के बाद ये वादे बस एक चुनावी वादे बनकर रह गए हैं। जिससे जनप्रतिनिधियों की इरादे जाहिर हो रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार अतिशीघ्र बिंदुखत्ता को अतिक्रमित क्षेत्र की सूची से क्षेत्र को हटाकर राजस्व गांव बनाये। प्रदर्शनकारियों ने दो टूक शब्दों में साफ कहा है कि राजस्व गांव से कम उन्हें कुछ भी मंजूर नहीं है। उन्होंने साफ कहा कि चुनाव के वक्त वादे तो किए जाते हैं, लेकिन वो वादे चुनाव खत्म होने के बाद याद नहीं रहते हैं। जुलूस में हजारों लोगों ने हिस्सा लेकर अपनी एकता का ऐतिहासिक परिचय दिया।

# बाजपुर में नदी से मानव अंग मिलने से सनसनी

बाजपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के बाजपुर में केलाखेड़ा के निकटवर्ती गांव रामपुराकाजी में नदी से मानव अंग मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि सुबह नदी में लोगों ने मानव शरीर की दो टांगे और एक पैर का पंजा देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी और केलाखेड़ा थाना प्रभारी ललित मोहन रावल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूरे मामले की जानकारी ली और जांच में जुट गई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र से एक किशोरी बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक बीते 4 जून को प्रतापपुर चौकी क्षेत्र निवासी एक 14 वर्षीय किशोरी परिजनों को बगैर बताए घर से कहीं चली गई जिसका आज तक कहीं कोई पता नहीं चला। इस दौरान परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू किया है।

## पेज एक का शेष...

**कांग्रेस पार्टी के ....**नहीं रह जाता। इस दौरान अगर बिल्ली के भाग्य से छींका टूटने की तर्ज पर कोई बड़ा मसला कांग्रेस के हाथ आ भी गया, तो वह नींद में ही थोड़ा बहुत हाय तौबा मचाकर फिर कुंभकरण बन कर रह जाती है। कांग्रेस पार्टी का ऐन यही चरित्र इन दिनों उत्तराखंड में भी साफ-साफ देखा जा सकता है। गुजरे दिनों उत्तराखंड में राज्य की सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के नाम पर अनेक गरीबों के सर की छत छीन ली गई और रोजगार के ठीए को तहस-नहस कर दिया गया। ऐसे में प्रमुख विपक्षी दल होने के नाते कांग्रेस का यह कर्तव्य था कि वह पूरे दमखम के साथ गरीबों के बीच खड़ी दिखाई देती और सूबे की भाजपा सरकार की ईट से ईट बजा देती। मगर अफसोस कि कांग्रेस पार्टी इस मसले पर सरकार विरोध की रस्म अदायगी मात्र करती दिखाई पड़ रही है और विडंबना तो यह कि रस्म अदायगी वाले ऐसे कांग्रेसी आयोजनों में भी कांग्रेसी नेताओं की आपसी गुटबाजी का बोलबाला है। बात उधम सिंह नगर जिले की करें तो अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत किच्छा में उजाड़े गए लोगों के पुनर्वास को लेकर, कद्दावर कांग्रेसी नेता एवं किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा कुछ रोज पहले जिला मुख्यालय में आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में, कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों एवं उनके चेले-चपाटो ने किसी प्रकार की भागीदारी नहीं की और बेहड़ वाले कार्यक्रम के दो दिन बाद ही जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से किच्छा में विरोध प्रदर्शन के लिए एक अन्य कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना ली। इसका नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस पार्टी की ताकत दो भागों में बंट गई और दोनों ही कार्यक्रम अपेक्षित राजनीतिक प्रभाव नहीं छोड़ सके। जबकि कांग्रेस की दृष्टि से बेहतर तो यही होता कि जिला कांग्रेस कमेटी किच्छा विधायक की वरिष्ठता एवं राजनैतिक अनुभव का सम्मान करते हुए उनके मार्गदर्शन में एक संयुक्त और बड़ा कार्यक्रम करती। जिसका शासन-प्रशासन पर कुछ प्रभाव भी पड़ता और पीड़ितों को भी लगता कि कांग्रेस पार्टी पूरी ईमानदारी और दमखम से उनके साथ खड़ी है। खैर, कांग्रेस पार्टी के दोनों गुटों का विरोध प्रदर्शन के कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं और फिलहाल कांग्रेस जनों के मध्य बहस यह चल रही है कि किसका कार्यक्रम ज्यादा सफल रहा ? बेहड़ का या गाबा का ? वैसे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किच्छा में आयोजित विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के बारे में कांग्रेसी जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने दावा तो यही किया था कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। अब यह कार्यक्रम कितना ऐतिहासिक रहा और उसने किच्छा में इतिहास के कौन से नए पत्थर गाड़ दिए ? यह तो हिमांशु गाबा ही जाने, पर इतना तो तय है कि अगर कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता छोटे-छोटे कार्यक्रमों में भी ऐसी ओछी गुटबाजी करते रहे, तो कांग्रेस पार्टी का उत्तराखंड के भीतर किसी बड़ी राजनीतिक लड़ाई को जीत पाना बड़ा ही दुष्कर होगा। फिलहाल तो कांग्रेस की दशा-दिशा देख यूं जान पड़ता है, जैसे कांग्रेस पार्टी महलों में कैद होकर रह गई है और अब इसे जनता के बीच लाकर खड़ा करने की सख्त जरूरत है। देखना होगा कि कांग्रेस की तरफ से यह पहल कब और कैसे होती है? तकरीबन आठ-दस माह बाद ही कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव में विश्व की सबसे बड़ी एवं साधन संपन्न पार्टी से लोहा लेना है। साथ ही अगर स्थानीय निकाय के चुनाव समय पर हुए तो कांग्रेस पार्टी को दोनों में से किसी भी चुनाव में चुनावी लड़ाई की तैयारी करने का इफरात समय नहीं मिल पाएगा। ऐसे में कांग्रेस के लिए यह आवश्यक है, कि वह है समय रहते अपना संगठन दुरुस्त करें आंतरिक लड़ाई को खत्म करें और धरातल पर कमजोर लोगों के साथ खड़ी नजर आए तभी उसके अच्छे दिन आने की थोड़ी बहुत संभावना बन पाएगी।

**लिव इन पार्टनर की....**आरोपी ने शव के टुकड़ों को कुकर में उबाल दिया। हालांकि इसके बावजूद पड़ोसी अजीब से दुर्गंध से परेशान हो गए तो उन्होंने पुलिस से इसकी शिकायत की। पुलिस ने मौके से शव के टुकड़े भी बरामद किए हैं। मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया और फ्लैट से अन्य सबूत भी इकट्ठा किए गए हैं। पुलिस ने लिव-इन पार्टनर की हत्या और उसके शव के कई टुकड़े करने के आरोप में मृतका के दोस्त को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में महिला की बेरहमी से हत्या किए जाने की बात सामने आई है। अभी पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**पेड़ों के अवैधकटान..** द्वारा तीन लौटों में पातन का कार्य चल रहा है उन्होंने कहा कि हमारे पास लगातार उस क्षेत्र से अवैध काटन कि सूचना मिल रही थी,तो हमारे द्वारा उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम बनाकर जांच करवाई गयी, जांच में पता चला कि वन निगम के प्लाटों के आस-पास रह रहे लोगो द्वारा अवैध पातन किया गया था, उस अवैध पातन को देखते हुए हमारे द्वारा संबंधित फॉरेस्ट गार्ड व फोरेस्टर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सस्पेंड किया गया है,उसके साथ ही निगम को भी हमारे द्वारा चेतावनी दी गयी है और वन निगम के ऊपर भी जांच जारी की गई है,कि उनके द्वारा इस तरीके से होने वाली घटनाओं पर आखिर क्यों रोक नही लगाई जा रही है और अगर जांच में ये पाया जाता है कि उनके द्वारा लापरवाही की गयी है और जो प्रकाष्ठ की चोरी की गई है उनके लॉट से तो उनके ऊपर भी दंड लगाने की कार्रवाई की जाएगी,जो कि अभी गतिमान है साथ ही प्रकाश आर्य ने कहाँ कि हमारा वन विभाग का जो स्टाफ है उनके विरुद्ध हमारे द्वारा काम मे लापरवाही बरतने पर फॉरेस्ट गार्ड को ससपेंड व फोरेस्टर को आफिस में अटैच करने की कार्रवाई की गई है । इसमे जो भी जांच में दोषी पाए जाएंगे उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।


### सूचना संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र फईम गलत संगत में पड़कर नशे का आदि हो गया है। परिजनों के प्रति उसका व्यवहार ठीक नहीं है और परिजनों का कहना नहीं मानता है। मेरे नाम की भूमि को अपना बताकर लोगों को धोखा देकर पैसा वसूल कर रहा है। जिस कारण मैंने पुत्र फईम से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में फईम द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।

अनवार अहमद पुत्र श्री मुनने, निवासी-पो. सिसौना, बावनपुरी, थाना सितारगंज (ऊधमसिंह नगर)


**पुलिस ने पीड़िता को .** ..युवक का उसके घर आना-जाना था। युवती ने कई बार युवक की माता की बीमारी के दौरान उपचार में मदद भी की लेकिन इंसानियत का उसे यह सिला मिलेगा उसने कभी सोचा नहीं था। पीड़िता का आरोप है कि वर्ष 2021 की 12 सितंबर को लगभग 2 बजे आरोपी युवक उसके घर आया। उसने युवती को विश्वास में लेकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। नशे की हालत में आरोपी युवक ने युवती की आबरू लूट ली। इस दौरान उसने अश्लील वीडियो भी बनाई। होश में आने पर आरोपी ने युवक को वीडियो दिखाते हुए तल्ख धमकी दी कि यदि उसने इस बात को सार्वजनिक किया अथवा कानूनी कार्यवाही करने की कोशिश की तो वीडियो को वायरल कर दिया जाएगा। ऐसा मंजर देख सुनकर युवती के होश उड़ गए। युवती का आरोप है कि अश्लील वीडियो के सहारे घटना के बाद से आरोपी अब तक कई बार उसका शारीरिक व मानसिक शोषण कर चुका है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों से जानमाल का खतरा है।

**व्यापारी नेता रोहित...**रहते थे। रोजाना योग करने के साथ ही दिन में पांच-सात किलोमीटर तक पैदल चलना भी उनकी दिनचर्या में शामिल था। रोहित सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी अग्रणी थे। श्री आनंदपुर आश्रम से जुड़ने के साथ ही बाबा अमरनाथ जी में उनकी विशेष आस्था थी। पिछले कई वर्षों से वह श्री अमरनाथ यात्रा के साथ कांवर यात्रा पर भी जा रहे थे। उनके हंसमुख व्यवहार और सादगी का हर कोई कायल था। रोहित के निधन पर शहर के तमाम गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए संवेदना प्रकट की है।

**घर में नाबालिग...**पुत्री महेश व पुत्र अमृत उसकी नाबालिग पुत्रियां सिमरन कौर ,हरमन तथा जस्सी जो घर पर अकेली थी व नाबालिग पुत्र नवजीवन पर लाठी डन्डो व धारधार हथियारो से जानलेवा हमला कर रहे थे। जब उनको रोकने की कोशिश की तो उस पर भी लोगो ने जानलेवा हमला कर दिया जिस कारण सभी परिजनो को गम्भीर चोटे आयी। शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोगों के आ जाने से हमलावर सभी को जान से मारन की धमकी देते हुए दोबारा फिर आयेगे कहते हुए हथियार हवा मे लहराते हुए चले गये। उक्त लोगो से भविष्य में भी जान का खतरा है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ननिहाल आये...**मृतक की मामी ममता को भी चोटे आई हैं जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है वही पुलिस भी घटना की जानकारी में जुट गई है। डम्पर चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अंजली अनेजा से बदलकर अंजली रख लिया है। भविष्य में मुझे अंजली के नाम से जाना व पहचाना जाए।

अंजली पुत्री श्री संजीव कुमार, निवासी वार्ड नं. 11, ज्ञान विहार कालोनी, गदरपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


आइऐ
रक्तदान
कीजिए
और एक हीरो सा फील कीजिए
स्व. संदीप संधू जी
की स्मृति में
12वां
रक्तदान
शिविर
दिनांक 10 जून 2023, शनिवार
समय प्रातः 9 बजे से
स्थान सरकारी ब्लड बैंक, किच्छा रोड, रुद्रपुर
संपर्क सूत्र : लखबीर सिंह लक्खा 9917870000, सुशील गाबा 9568220000
निवेदक : समस्त मित्रगण, युवाशक्ति व छात्रशक्ति